धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

### शुभकामनाएं व सूचना

रंग और उमंग के पर्व होली के मौके पर तमाम पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंट-हाकर बंधुओं और सभी शुभेच्छुओं को खबर मन्त्र परिवार की ओर से होली की ढेरों शुभकामनाएं।

होली के मौके पर खबर मन्त्र कार्यालय एवं प्रेस 14 और 15 मार्च को बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक 17 मार्च को पाठकों को मिलेगा। -सं.

# देवघर में हरि-हर मिलन के साथ फगुआ शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** पूरा देश होलियाना मूड में है। देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर में गुरुवार रात हरि-हर मिलन का आयोजन किया गया। हरि-हर मिलन सबसे पुरानी परंपराओं में से एक है। देवघर में होलिका दहन से ज्यादा महत्व हरि-हर मिलन का होता है। यहां होली, केवल रंगों के त्योहार नहीं यहां हरि (भगवान विष्णु) और हर (बाबा बैद्यनाथ) के प्रति आस्था का एक अद्भुत संगम भी देखने को मिलता है।

मान्यता है कि बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दरबार में होली की शुरुआत फाल्गुन मास पूर्णिमा से हुई थी। उसी दिन, भगवान विष्णु (हरि) ने रावण को शिवलिंग को लंका ले जाने से रोका था और बैजनाथ का रूप धरकर अपनी माया से देवघर में सती के हृदय पर स्थापित किया था।

इसलिए यह दिन हरि-हर मिलन और और बाबा बैद्यनाथ का स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। जबकि पूरे देश में होलिका दहन बड़े धूमधाम से मनाई जाती है, लेकिन देवघर ही एक ऐसा स्थान है जहां पर होलिका दहन से ज्यादा धूमधाम से हरि-हर मिलन मनाया जाता है। इसके साथ ही होली पर्व की शुरुआत हो जाती है।



### भोलेनाथ और माता पार्वती ने खेली भूत-प्रेतों के साथ होली

उज्जैन में हर त्योहार की शुरुआत बाबा महाकाल से होती है। शिव भक्त मानते हैं कि भगवान शिव खुद भी मसाने की होली खेलते हैं... इसलिए इस परंपरा को निभाया जाता है। गुरुवार दोपहर नृसिंह घाट पर शिव होली खेले मसाने में कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में बाबा महाकाल, माता पार्वती और भूत-पिशाचों का रूप धरे भक्तों ने गुलाल उड़ाकर, नाचते-गाते हुए जमकर होली खेली। पूरा माहौल शिव भक्ति और रंगों से सराबोर हो गया।

## पाक बॉर्डर पर जवानों ने मनायी अनूठी होली



भारत -पाक बॉर्डर पर जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने होली मनायी। इस दौरान वे एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाये और होली की बधाई दी। मौके पर जवान होली गीत पर झूमते दिखे।

### न्यूज डायरी

#### राष्ट्रपति, पीएम और सीएम ने दी शुभकामना

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को होली की पूर्व संध्या पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह पावन पर्व देशवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे। वहीं सीएम हेमंत ने कहा होली का यह पर्व आपके जीवन में तमाम तरह की खुशियों का रंग भर दे।

#### सरहुल पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करें

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत ने सरकार से आग्रह किया है कि सरहुल पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाये। उन्होंने कहा कि सरहुल शोभा यात्रा देश की सबसे बड़ी यात्राओं में से एक है और इसे लाखों लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। ऐसे में सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

#### झारखंड में तीन से छह डिग्री बढ़ा तापमान

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में तापमान में तीन से छह डिग्री की बढोत्तरी हुई है। आनेवाले दिनों में इसमें और वृद्धि होने की आशंका है। राज्य में सबसे अधिक गर्मी डालटेनगंज 39.2 डिग्री, जमशेदपुर 38.6, गढ़वा 38 में पड़ रही है।




# मंत्री के आश्वासन से काम पर लौटे एनटीपीसी के कर्मी

➲ डीजीएम हत्याकांड के विरोध में आंदोलन पर थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग, रांची।** एनटीपीसी कर्मी 5 दिनों के बाद काम में वापस लौट आये हैं। वे अपने सहयोगी कुमार गौरव (डीजीएम) हत्याकांड के विरोध में अधिकारी कार्य बहिष्कार पर थे। इससे एनटीपीसी दफ्तर और माइंस में काम प्रभावित था। कोयला रैक में भी काम बंद पड़ा था। इसे लेकर दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गयी।

दिल्ली में नेफी के पदाधिकारी ने केंद्रीय कोयला एवं विद्युत मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात की। नेफी के पदाधिकारियों ने हत्याकांड की विस्तृत जानकारी दी और मांग पत्र भी सौंपा। उनकी लगभग सभी मांगें मान ली गयी हैं। कुमार गौरव



की पत्नी को नौकरी देने का भी मंत्री ने भरोसा दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी कर्मी और पदाधिकारी अपनी सेवा सुचारू रूप से देना शुरू करेंगे।

बैठक में नेफी के महासचिव जीएन स्वैन, अध्यक्ष सुरेश बाबू रेड्डी शामिल थे। उन्होंने एनटीपीसी के सीएमडी से भी मुलाकात की। एनसीपीसी के इंफ्रा जीएम संजय कुमार दुबे ने बताया कि कई स्तर पर बैठक हुई है।

# झारखंड के वैज्ञानिक की पंजाब में हत्या

➲ आइआइएसइआर ने कहा, हमने प्रतिभाशाली साइंटिस्ट खो दिया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में पार्किंग को लेकर विवाद में प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइआइएसइआर) के वैज्ञानिक अभिषेक स्वर्णकार (39) की हत्या कर दी गयी। वह धनबाद के कतरास के रहने वाले थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मोहाली के सेक्टर 67 में यह घटना गत रात हुई। विवाद के दौरान पड़ोसी ने अभिषेक स्वर्णकार पर हमला किया। इसी में उनकी जान चली गयी। उनका हाल में ही किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। आइआइएसइआर ने कहा, हमने एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक खो दिया। वहीं अभिषेक के सहयोगियों ने कहा, यह विज्ञान जगत की बड़ी क्षति है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित के परिवार ने आइटी पेशेवर मोंटी पर अभिषेक के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानने के बावजूद हमला किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### हिंसा का ऐसा कृत्य अस्वीकार्य : आइआइएसइआर



इस घटना पर दुख जताते भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान ने कहा, हमने एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक को खो दिया। आइआइएसइआर ने कहा, हिंसा का ऐसा कृत्य अस्वीकार्य है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि स्वर्णकार को 2017 में नोबेल पुरस्कार विजेताओं से मिलने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चुना गया था। अभिषेक स्वर्णकार का शोध पत्र हाल ही में प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ साइंस में प्रकाशित हुआ था। अभिषेक, अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में काम कर चुका था। कुछ समय पहले उसकी तबीयत खराब होने लगी थी। परिवार को उसकी सेहत की चिंता रहती थी। इसलिए वह इंडिया आ गया।

# चाईबासा : नक्सली कैंप ध्वस्त हथियारों का जखीरा बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कैंप ध्वस्त किए और हथियार बरामद किये। पुलिस ने नक्सली के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम सरजामबुरू, जीम्कीइकीर के आसपास,जंगल पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में वहां से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और नक्सलियों के उपयोग की सामग्री बरामद की गयी है। विस्फोटक और अन्य सामग्रियों को सुरक्षाबलों एवं बम निरोधक दस्ता द्वारा नष्ट कर दिया गया है।

#### छिपा पर रखे थे गोली-बारूद

एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा टोन्टो थानान्तर्गत जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में हथियार/ गोला-बारूद छुपाकर रखने की सूचना मिली थी। गुरुवार को टोन्टो थानांतर्गत वनग्राम सरजामबुरू, जीम्कीइकीर के आसपास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान नक्सल डंप को सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त कर दिया। साथ-साथ विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी। उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट कर दिया गया। इस नक्सल डंप से भारी मात्रा में विस्फोटक/हथियार/कारतूस एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गयी।

#### शिक्षा मंत्री के छोटे भाई का निधन

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के छोटे भाई राम सोरेन का निधन हो गया है। वे रिम्स में इलाजरत थे। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावुक पोस्ट साझा कर अपने भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा- आज मेरे छोटे भाई राम सोरेन का निधन हो गया। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और संगति हमेशा याद आयेगी। यह परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

#### 12वीं के छात्रों को विशेष परीक्षा का मौका

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक अहम घोषणा की है। जिन छात्रों को 15 मार्च 2025 को होने वाली हिंदी कोर और हिंदी ऐच्छिक परीक्षा में किसी कारणवश शामिल होने में दिक्कत हो सकती है तो उन्हें अब बोर्ड विशेष परीक्षा का मौका देगा। यह कदम उनके लिए राहत भरा है, जिनके राज्य में 15 तक होली का त्योहार मनाया जायेगा। होली के दिन छात्र अपने परिवार के साथ त्योहार मना रहे होंगे और परीक्षा में शामिल होने के लिए वे उपलब्ध नहीं होंगे।






# अधिवक्ता सुरक्षा कानून के प्रारूप को झारखंड बार कौंसिल ने किया मंजूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बार कौंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अधिवक्ता सुरक्षा कानून के ड्राफ्ट को झारखंड राज्य बार कौंसिल ने भी मंजूरी दे दी है। बिना किसी संशोधन के ही एक्ट के मसौदे को मंजूरी प्रदान की गयी है। बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने इस एक्ट का प्रारूप तैयार कर सभी राज्यों के बार कौंसिल को भेजा था। सभी से सुझाव और संशोधन के बारे में राय देने को कहा गया था। एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल की रूपरेखा व ड्राफ्ट बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की सात सदस्यीय कमेटी ने तैयार की है। इसमें 16 धाराएं रखी गई हैं। प्रस्तावित बिल में वकील तथा उनके परिवार के सदस्यों को किसी प्रकार की क्षति व चोट पहुंचाने की धमकी देना, किसी भी सूचना को जबरन उजागर करने का दबाव देना, पुलिस अथवा किसी अन्य पदाधिकारी से दबाव दिलवाना, वकीलों को किसी केस में पैरवी करने से रोकना, वकील की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, किसी वकील के खिलाफ अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करना जैसे कार्यों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

**माह से 5 वर्ष की सजा के साथ-साथ दस लाख रुपये जुमार्ना :** ये सभी अपराध गैर जमानती अपराध होंगे। ऐसे अपराध के लिए 6 माह से 5 वर्ष की सजा के साथ-साथ दस लाख रुपये जुमार्ना लगाने का भी प्रावधान है। इन अपराधों के लिए पुलिस को 30 दिनों के भीतर अनुसंधान पूरा करना होगा, जिसकी सुनवाई जिला व सत्र न्यायाधीश/अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायधीश करेंगे, लेकिन अगर कोई वकील अभियुक्त हो तो यह कानून उस पर लागू नहीं होगा।

### सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट में देना होगा आवेदन

वकील को सुरक्षा देने के बारे में भी प्रस्तावित कानून में प्रावधान किए गए हैं। वकील को सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट में आवेदन देना होगा। हाईकोर्ट वकील के आचरण सहित अन्य तथ्यों की जांच कर, जरूरत पड़ने पर स्टेट बार काउंसिल तथा बीसीआई से जानकारी लेकर सुरक्षा देने के बारे में आदेश जारी करेगा।

### शिकायत के निपटारे को समिति बनेगी

वकील संघ की शिकायत के निपटारे के लिए शिकायत निवारण समिति का गठन किया जाएगा। इस शिकायत पर तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी। वकीलों के कर्तव्यों के निर्वहन में कोई त्रुटि होने पर वकीलों को जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकेगा। सीजेएम के आदेश के बाद ही किसी वकील को गिरफ्तार किया जा सकेगा। वकील के खिलाफ केस दर्ज होने पर सीजेएम पहले नोटिस जारी कर वकील का पक्ष जान आगे की कार्रवाई के बारे में आदेश जारी करेंगे। प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति में केंद्र व राज्य सरकार जरूरतमंद वकीलों को 15 हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। सरकार बीमा, चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाएं लागू करेगी। एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को विशेष कानून का दर्जा देने का भी प्रावधान प्रस्तावित बिल में किया गया है।



## शौंडिक धर्मशाला में खेली गई फूलों की होली

**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की ओर से पंडरा रवि स्टील के शौंडिक धर्मशाला में गुरुवार को होली मिलन समारोह हुआ। इसमें फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में इस्कॉन का योगदान रहा। इस्कॉन के श्रीधाम वृंदावन से आए भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज, संगठन के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहू, रांची इस्कॉन मंदिर के मुख्य संरक्षक मधुसूदन मुकुंद दास महाराज समेत अन्य ने कीर्तन मंडली की प्रस्तुति में भागीदारी निभाई। पारम्परिक फगुआ व धार्मिक गीत की प्रस्तुति के साथ सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सहभोज हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी, उमेश साहू, बीरेंद्र साहू, उदय शंकर प्रसाद, कुमुद प्रसाद, अरुण गुप्ता, धीरज प्रसाद साहू, उदय साहू, अरुण देव कुमार समेत समाज के लोगों की भागीदारी रही।

## इरफान अंसारी मामले में अब 26 मार्च को सुनवाई

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ दर्ज आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 26 मार्च निर्धारित की है। मामले में बुधवार को उपस्थिति की तारीख पूर्व से निर्धारित थी। लेकिन, नहीं पहुंचे। एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लेते समन जारी किया है। मालूम हो कि योग शिक्षिका राफिया नाज के बार इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर उसके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे उनकी छवि धूमिल हुई और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसको लेकर राफिया नाज ने 19 अगस्त 2020 को सिविल कोर्ट में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिये उकसाने और पहनावे को लेकर अनुचित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराई थी। अदालत ने मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लिया है। बाद में विधायक से जुड़े होने के कारण साल 2021 में यह मामला विशेष अदालत में चला गया। जहां इसकी सुनवाई जारी है।

## सांसद महुआ माजी एवं विधायक सीपी सिंह मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विधायक सीपी सिंह के खिलाफ दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में एमपी-एमएलए की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान महुआ माजी को पुलिस पेपर सौंपा गया। उनके वकील ने पुलिस पेपर प्राप्त किया। मामले में अब आरोप तय किया जायेगा। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 24 मार्च निर्धारित की है। वहीं, सीपी सिंह मामले में उपस्थिति की तारीख 27 मार्च निर्धारित की गई है। मालूम हो कि दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान लेते हुये उपस्थिति की तारीख निर्धारित की है। यह प्राथमिकी संजीव कुमार गुप्ता की शिकायत पर रांची अंचल के तत्कालीन सीओ मुंशी राम ने हिंदपीढ़ी थाने में 7 नवंबर 2024 को कांड संख्या 122/24 एवं 123/24 के तहत दर्ज कराई थी। हिन्दपीढ़ी बुधिया बागान मोड़ तक लगे सरकारी बिजली के खम्भे एवं मारवाड़ी कॉलेज होते हुये तीसरी गली, बुधिया खम्भों के बीचों बीच झामुमो एवं भाजपा प्रत्याशी का पोस्टर बैनर पाया गया था। इसी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बदलनी पड़ी उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया की नीति : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आखिरकार उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया में सरकार को नीति बदलनी पड़ी। लेकिन, यह बदलाव तब आया, जब उमस भरी गर्मी में शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान करीब 20 युवाओं ने अपनी जान गंवा दी। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर ये बातें कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने चुनावी लाभ के लिये युवाओं को जलते आसमान के नीचे दौड़ने पर मजबूर कर दिया। अब जब चुनाव बीते तीन महीने बीत चुके हैं, तो नियुक्ति प्रक्रिया ठंडे बस्ते में क्यों डाल दी गयी है। जिस तत्परता से सरकार ने युवाओं को जोखिम में डाला, क्या उसी तेजी से उन्हें उनका हक नहीं दिया जा सकता। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से कहा कि अब कोई बहाना नहीं चलने वाला है। युवाओं की मेहनत का सम्मान होना चाहिये। सरकार बिना किसी विलंब सारी प्रक्रियाएं पूरी कर नियुक्ति पत्र जारी करे।

**खुद बीमार पड़ गयी 108 एंबुलेंस सेवा : बाबूलाल :** रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा खुद बीमार पड़ गयी है। अधिकांश एंबुलेंस खराब हैं और उचित रख रखाव के अभाव में धूल फांक रहे हैं। गंभीर हालत में तड़पते मरीजों के लिये यह स्थिति घातक बन सकती है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि जब जमीनी स्तर पर साधारण एंबुलेंस भी काम नहीं कर रही है। तब सरकार एयर एंबुलेंस शुरू करने की बात कर रही है। क्या यह असल समस्या से ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं तो और क्या है।

## श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के केंद्रीय कार्यालय बिहार क्लब के प्रेक्षागृह में श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महानगर समिति के मुख्य संयोजक डॉ. अजीत सहाय ने किया तथा संचालन महामंत्री रवींद्र वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने किया। डॉ. सहाय ने श्री महावीर मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं जाने-माने समाजसेवी जय सिंह यादव को माला एवं माता रानी का चुनरी ओढ़ा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया साथ ही अपने वक्तव्य में कहा कि नि्रित रूप से इस वर्ष शांति एवं सद्भावना को ध्यान में रखकर पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष चुनाव संपन्न हुआ।

जिससे हम सभी शहर वासियों को हर्ष का अनुभव हुआ है इस तरह की परंपरा आने वाले वर्षों में भी निरंतर होता रहेगा । इसके उपरांत महानगर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री महावीर मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष पवन गुप्ता,राहुल सिन्हा चंकी, मंत्री सुभाष साहू, सहमंत्री उदय रविदास, संतोष गुप्ता, बलराम प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, अंकेक्षक प्रेम सिंह, प्रचार मंत्री सुनील वर्मा का स्वागत करने वालों में राजन वर्मा, संजय सिंह गोपू, राणा रणधीर, अशोक यादव, संजय मिनोचा, सागर कुमार, ने चुनरी देकर स्वागत किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय सिंह यादव ने अपने वक्तव्य ने कहा कि महानगर समिति में अपने प्रांगण में बुलाकर स्वागत किया इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं एवं पूरे शहर वासियों को भरोसा दिलाता हूं चुंकि इस वर्ष रमजान का महीना भी चल रहा है एवं रामनवमी भी है इसलिए जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है उसे बिना भेदभाव के पूरे राम उत्सव को हर्षोल्लाश एवं भाईचारा के साथ मनाया जाएगा।

## टीएमसी के प्रदेश कार्यालय में होली मिलन आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें टीएमसी के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं और झारखंड टीएमसी के पदाधिकारीयों ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फिल्मोन टोप्पो के साथ मिलकर होली मिलन समारोह का लुत्फ उठाया। होली मिलन समारोह में आए सभी कार्यकताओं और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए झारखंड टीएमसी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा होली शांति सौहाद्र और एकता का प्रतिक है। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी टीएमसी को मजबूत करने में लगे हुए हैं, ठीक उसी प्रकार होली मिलन समारोह में अपने आसपास पड़ोस सभी के साथ सौहाद्र पूर्ण वातावरण में होली का त्योहार मनाए। वही झारखंड टीएमसी के सचिव सह कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह ने झारखंड वासियों और अपने कार्यकताओं को शांतिपूर्ण माहौल में होली का यह उत्सव मनाने की अपील की उन्होंने साफ तौर पर कहा कि शांति का त्यौहार है और इसे शांति से ही मनाना चाहिए बिना कोई हुडदंग किए हुए। होली मिलन समारोह में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फिल्मोन टोप्पो,झारखंड टीएमसी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, मिडिया प्रभारी मधुसुदंर प्रसाद, बुद्धिजीवी मंच अध्यक्ष उदय भानु सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता खगेश महतो, जगदीश कुमार साहू और सुशीला देवी, झालो दीदी, ललिता देवी, पूनम पांडे, रश्मि सिन्हा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स और सीपीआई कार्यकर्ताओं ने मनाया होली मिलन समारोह

**रांची।** रांची के दरभंगा हाउस परिसर में यूनाइटेड कोल वर्कर्स और सीपीआई कार्यकर्ताओं का संयुक्त रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से एटक के राज्य सचिव अशोक यादव एवं सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह उपस्थित रहे। रंगों का त्यौहार सबके जीवन को खुशहाली के रंग से भर दे।इस अवसर पर मजदूर नेता चंदेश्वर सिंह,ज्योति कुमार, सरिता तिर्की रोशनी कुमारी,रोशनी खलको, सीमा देवी, सहित सैकड़ों कर्मचारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## झारखंड के ट्राईबल के सामाजिक उत्थान के लिए ट्रैक्टर व अन्य वाहन उपलब्ध कराने से संबंधित पीआईएल को हाइकोर्ट ने किया खारिज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के गरीब तबके के ट्राईबल के सामाजिक उत्थान के लिए उन्हें ट्रैक्टर, सवारी गाड़ी, टाटा मैजिक आदि उपलब्ध कराने के केंद्र सरकार की स्कीम का वर्ष 2009 से झारखंड में अनुपालन नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार का जवाब देखते हुए इस जनहित याचिका को निष्पादित करते हुए खारिज कर दिया। दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से राज्य के गरीब एवं बेरोजगार ट्राईबल के सामाजिक उत्थान को लेकर स्कीम के तहत उन्हें ट्रैक्टर, सवारी गाड़ी, टाटा मैजिक आदि बांटा जाना था। प्रार्थी झारखंड प्रदेश किसान महासभा की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड में इस स्कीम के तहत वर्ष 2009 से लाभुकों को सरकार की इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने प्रार्थी को वैसे लाभुकों का नाम बताने को कहा था जो इस लाभ से वंचित है। लेकिन प्रार्थी की ओर से इस संबंध में कोई सूची कोर्ट को उपलब्ध नहीं कराई गई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अधिकांश लाभुकों को इस स्कीम के तहत लाभ प्रदान कर दिया गया है, जो शेष बचे हैं उन्हें भी इस स्कीम के तहत लाभ प्रदान कर दिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शहबाज अख्तर ने पैरवी की।

## आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाये गये रांची बंद का समर्थन नहीं करेगा सरना प्रार्थना सभा

**रांची।** आदिवासी संगठनों द्वारा 22 मार्च को बुलाई गई रांची बंद का सरना प्रार्थना सभा समर्थन नहीं करेगा। गुरुवार को डिबडीह सामुदायिक भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए सरना प्रार्थना सभा के सचिव सोनु खलखो ने कहा कि आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाये गये रांची बंद में सड़क पर उतरकर समर्थन नहीं करेंगे, क्योंकि सिरमटोली सरना स्थल के सामने बना रैम्प आदिवासी समाज की आस्था को कुचलने का प्रयास कर रहा है। सामाजिक आंदोलन को राजनीतिक आंदोलन में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे आंदोलन का सरना प्रार्थना सभा किसी भी हालत में समर्थन नहीं करेगा। सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय कुजूर ने कहा कि पिछले कई महीनों से रैम्प को लेकर आदिवासी समाज ने आंदोलन किया है। सरना स्थल आदिवासी पहचान का केंद्र है, जहां पूजा अर्चना के लिए लाखों आदिवासियों की भीड़ उमड़ती है। यह स्थल एक पवित्र स्थान है, जिसको लेकर एक अप्रैल को विशेष पूजा अर्चना भी की जाएगी। कहा कि आज स्थिति बहुत दयनीय हो गई है। रैम्प को शुरू में उतरने के लिए बनाया गया था, लेकिन अब इसे राजनीतिक रूप दिया जा रहा है। कुछ पूंजीपतियों द्वारा इस स्थल को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, जो आदिवासी विरोधी हैं। वे इस आंदोलन को राजनीतिक मोड़ देने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर सरना प्रार्थना सभा के उपाध्यक्ष भीम तिर्की, रवि खलखो, पंकज भगत, बसंत उरांव समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## मॉर्निंग कोर्ट समाप्त करने की व्यवस्था अगले आदेश तक स्थगित

**रांची।** राज्य की निचली अदालतों में चली आ रही मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था को समाप्त करने की अधिसूचना को गुरुवार को अगले निर्देश तक स्थगित रखने को कहा गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद ने रांची के न्यायायुक्त समेत राज्य के सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सूचित किया है।

जिसमें कहा गया है कि 12 मार्च के आदेश के अनुक्रम में मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था समाप्त करने के मामले को न्यायालय के अगले निर्देश तक स्थगित रखा जाए। बता दें कि 12 मार्च को झारखंड की निचली अदालतों में चली आ रही मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था को समाप्त करने की अधिसूचना जारी की गई थी। वर्तमान में इसको स्थगित रखा गया है। मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था अप्रैल के पहले सोमवार से शुरू होकर जून की आखिरी शनिवार तक रहती है, जिसका समय सुबह 6:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होता है।

## होली पर मंडरा रहा लू का साया मौसम विभाग ने किया अलर्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस बार होली में लू का साया मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है। कहा है 14 मार्च तो लू चल सकती है। इससे बचने की भी सलाह दी है। विभाग के अनुसार राजधानी रांची का भी पारा चढ़ रहा है। 14 मार्च को तापमान का अधिकतम पारा 36 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। 15 मार्च को तापमान का अधिकतम पारा 37 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

**पांच जिलों में हीट वेब चलने की संभावना :** मौसम विभाग ने राज्य के पांच जिलों में हीट वेब चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पलामू और गढ़वा के अलावा कोल्हान के भी कई इलाकों में हीट वेव चलने के आसार हैं। 14 मार्च को पूर्वी सिंहभूम, प्ि्मी सिंहभूम और सरायकेला में हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है।

### इन जिलों में ऐसा रहेगा तापमान का पारा

- **गोड्डा:** अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस
- **पाकुड़:** अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस
- **पूर्वी सिंहभूम:** अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस
- **प्ि्मी सिंहभूम:** अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस
- **सरायकेला खरसावां:** अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस

## झारखंड में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में अच्छी प्रगति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नवीकरणीय ऊर्जा ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है, इसमें 2017 में 0.03 गीगावाट से 2023 में 0.11 गीगावाट तक लगभग 266.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो स्थायी ऊर्जा विकल्पों की ओर एक क्रमिक संक्रमण का संकेत देती है। ये आंकड़े झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के हैं। सर्वेक्षण में यह भी उजागर हुआ है कि झारखंड में स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में पर्याप्त वृद्धि हुई है। उत्पादन 2017 में 1.94 गीगावाट से 28.35 प्रतिशत बढ़कर 2023 में 2.49 गीगावाट हो चुका है। इस विस्तार में मुख्य योगदान थर्मल पावर का रहा, जिसमें 2017 में 1.78 गीगावाट से 2019 में 2.25 गीगावाट तक लगभग 26.40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, यद्यपि इसके बाद यह अपरिवर्तित रहा। जल विद्युत क्षमता 0.13 गीगावाट के स्थिर स्तर पर बनी रही, जो इस क्षेत्र में कोई वृद्धि नहीं दशार्ती है। हालांकि यह अभी भी एक छोटा घटक है।

दूसरी ओर झारखंड की अनुमानित अक्षय ऊर्जा क्षमता में 2.06 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई, जो 2018-2023 के बीच 18,489 मेगावाट से बढ़कर 18,870 मेगावाट हो गई। इस अवधि के दौरान, सौर ऊर्जा प्रमुख स्रोत बनी रही और इसने 18,180 मेगावाट का योगदान दिया। लघु पन बिजली में 9.09 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 209 मेगावाट से बढ़कर 228 मेगावाट हो गई। बायोमास बिजली ने 62.22 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि का प्रदर्शन किया, जो 90 मेगावाट से बढ़कर 146 मेगावाट हो गई।

## होली दो दिन, मगर ड्राई डे सिर्फ एक दिन

**रांची।** इस बार होली में भी अजीब संयोग बन रहा है। कई पंचाग के अनुसार, होली 14 मार्च को है। वहीं कई पंचाग 15 मार्च को होली का दावा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने भी होली की छुप्ती दो दिनों के लिए दी है। लेकिन उत्पाद विभाग सिर्फ 15 मार्च को ही मान रहा है। उत्पाद विभाग के आदेश के अनुसार, 15 मार्च को रांची जिला की सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें (जेएसबीसीएल द्वारा संचालित) बार, रेस्तरों, क्लब और माइक्रो ब्रिवरी सहित झारखंड राज्य विवरेजेज कॉरपोरेशन लि०) द्वारा संचालित थोक अनुज्ञप्ति परिसर और सभी देशी/विदेशी शराब के निर्माणशाला व कैंटीन उत्पाद पूर्णतः बन्द रहेंगी और किसी भी प्रकार से शराब की विक्री एवं पूर्ति करना प्रतिबंधित रहेगा।

## दिनेश गोप को बेहतर इलाज के लिए रिम्स शिफ्ट करने का हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिब्रेशन फ्रट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो दिनेश गोप की ओर से बेहतर इलाज को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि न्यूरो सर्जन रिम्स में उपलब्ध है। इसलिए रिम्स में दिनेश गोप का बेहतर इलाज संभव है। कोर्ट ने दिनेश गोप को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में शिफ्ट करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार को इस संबंध में उठाएंगे कदम की जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च निर्धारित की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि दिनेश गोप के बेहतर इलाज के लिए रिम्स या देवघर एम्स में न्यूरो सर्जन की व्यवस्था है या नहीं? जिस पर राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स में यह सुविधा है, देवघर एम्स में यह सुविधा नहीं है। राज्य सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि जेल अधीक्षक की ओर से जिले के एसपी से पुलिस फोर्स दिलाने का आग्रह किया गया है ताकि दिनेश गोप को रिम्स बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट किया जा सके। बता दे कि दिनेश गोप के हाथ में चोट लगी थी जिसके बाद उनका ऑपरेशन हुआ था, इस दौरान कुछ न्यूरो से संबंधित इशू भी दिनेश गोप गोप के समक्ष आई है। सबसे पहले दिनेश गोप के बेहतर इलाज के लिए रिम्स मेडिकल बोर्ड ने देवघर एम्स भेजने की अनुशंसा की थी। दरअसल, झारखंड पुलिस और एनआइए की संयुक्त टीम ने दिनेश गोप को नेपाल से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे रांची जेल भेज दिया गया था।

# भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जायेगा अप्रैल तक

### प्रदेश अध्यक्ष की रेस में रघुवर दास के अलावा कई नेता शामिल




उदय चौहान

**रांची।** भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष आगामी अप्रैल माह तक मिल जायेगा। इसे लेकर भाजपा में माथापच्ची चल रही है।भाजपा में एक नेता एक पद का सिद्धांत है। ऐसे में तय है कि अब बाबूलाल मरांडी की जगह किसी दूसरे नेता को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी जायेगी। फिलहाल प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। होली के बाद मंडल स्तर पर अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होनी है। 50 प्रतिशत मंडलों में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि झारखंड भाजपा को अप्रैल तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जायेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की रेस में रघुवर दास, अमर बाउरी समेत कई बड़े नेता शामिल हैं। पार्टी के अंदर इसके लिये लॉबिंग भी तेज हो गयी है। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि अप्रैल तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जायेगा। सांसद से लेकर विधायक तक प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं। वहीं, पार्टी के अंदर भी कई बड़े नेता की नजर भावी प्रदेश अध्यक्ष पर है। अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल कई नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय स्तर के नेताओं से मुलाकात कर अपनी दावेदारी पेश की है।

**गैर आदिवासी को मिल सकता है प्रदेश अध्यक्ष का पद :** भाजपा विधायक दल के नेता की जिम्मेवारी एक ट्राइबल नेता बाबूलाल मरांडी को दी गयी है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष का पद किसी ओबीसी या एससी समुदाय के नेता को दिया जा सकता है। पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये कई प्रमुख नेता के नाम की चर्चा है। इनमें सबसे प्रमुख नाम पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का है। उन्होंने 10 जनवरी को रांची स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता पुनः ग्रहण की थी। इससे उनकी सक्रिय राजनीति में वापसी हुई है। इनके अलावा अन्य संभावित दावेदारों में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और दलित वर्ग से अमर कुमार बाउरी शामिल हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीआरएनसी-15-2025, दिनांक 12.03.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** रांची मंडल के मुरी-हटिया (डाउन) अनुभाग में टीएसआर(पी)-44.303 टीकिमी, हटिया-ओरगा (एसएल) अनुभाग में टीएसआर(पी)-5.025 टीकिएम, मुरी-हटिया (डाउन) अनुभाग में सीटीआर(पी)-4.552 टीकिमी तथा मुरी-बरकाकाना अनुभाग में टीआरआर(पी)-1.677 टीआर. किमी। **निविदा मूल्य:** रु. 8,91,41,497.71; **ईएमडी मूल्य:** रु. 5,95,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड-834003. (PR-1235)

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




गोलमुरी उत्कल समाज का स्थापना दिवस 7 मार्च को मनाया जाता है। यह समाज झारखंड राज्य के जमशेदपुर शहर में स्थित है और उड़ीसा (ओडिशा) के मूल निवासियों द्वारा गठित एक सामाजिक संगठन है। गोलमुरी उत्कल समाज का उद्देश्य उड़ीसा के लोगों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक सुधार को बढ़ावा देना है। समाज की स्थापना के पीछे उद्देश्य था उड़ीसा के नागरिकों को एकजुट करना, उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाना और उनके कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन करना। इस दिन समाज के सदस्य विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं, जिनमें सामूहिक भोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, समाज के उत्थान के लिए विचार-विमर्श शामिल होते हैं। यह दिन समाज के लिए एक यादगार अवसर होता है, जहां समाज के सदस्यों को उनके संघर्ष और योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है।

# राज्य स्तरीय बंगीय उत्सव 2025 : बिष्टुपुर में होगा भव्य आयोजन

## झारखंडभर से जुटेंगे कलाकार व साहित्यकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड में बांग्ला भाषा सांस्कृतिक को संजोए राज्य स्तरीय बंगीय उत्सव 2025 का भव्य आयोजन 16 मार्च 2025 को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में किया जाएगा। यह आयोजन बंगीय उत्सव समिति के तत्वावधान में होगा, जिसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार पत्रों ने संवाददाता सम्मेलन में दी। इस भव्य उत्सव में झारखंड के कोने-कोने से कलाकार, साहित्यकार और दर्शक जुटेंगे।

इस उत्सव का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो उद्घाटन करेंगे। यह बंगीय उत्सव झारखंड में बांग्ला भाषा - सांस्कृतिक धरोहर और बांग्ला लोककला को मंच प्रदान करेगा। विभिन्न जिलों से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। युगपुरुष सम्मान से सम्मानित अंशु सरकार और उनकी टीम द्वारा विशेष योग प्रदर्शन किया जाएगा।

चाईबासा के कलाकार अपनी पारंपरिक नृत्य शैली से समां बांधेंगे। जमशेदपुर के सौमी बोस, संदीप बोस, सुदीप्ता दास व उनकी टीम द्वारा बसंत ऋतू के थीम पर कथक व रबिन्द्र संगीत पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देगी।

प्रसिद्ध बांसुरी वादक अशोक दास और माउथ ऑर्गन वादक विकास कुमार शीट की जुगलबंदी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। धनबाद के पूपिन्की आश्रम और अखंडा मंडली द्वारा योग व आध्यात्मिक संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। रांची के सजल बनर्जी व उनकी टीम द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जायेगी।

इसी तरह मानभूम पुरुलिया के कुंदन कुमार व कनिका कर्मकार द्वारा राड बांग्ला संगीत की प्रस्तुति। स्टार जलसा सुपर स्टार फेम एवं ए.आर. बैज बैंड, रांची की अंकिता बसु बनर्जी और गायक राणा बनर्जी अपनी गायकी से समां बांधेंगे। संध्या समय बांग्ला लोकगीत गायिका पौशाली बनर्जी की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति होगी। अमित पात्रो ने बताया कि इस भव्य आयोजन में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। यह उत्सव न केवल बंगाली समुदाय के लिए बल्कि झारखंड की समग्र सांस्कृतिक विरासत के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। आयोजन समिति ने इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। बता दें कि इस आयोजन की आधिकारिक घोषणा बिष्टुपुर स्थित समिति के कार्यालय में की गई, जहां बंगीय उत्सव समिति के चेयरमैन पार्थ सारथी चटर्जी, अध्यक्ष अमित कुमार पत्रों, कार्यकारी अध्यक्ष अपर्णा गुहा, वरिष्ठ सदस्य पुरवी घोष, अंशु सरकार, मिथिलेश घोष, शुभंकर चटर्जी, अशोक दत्ता, प्रकाश मुखर्जी, बिनोद दे , महासचिव उत्तम गुहा, और कोषाध्यक्ष अमित माइति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बिष्टुपुर का गोपाल मैदान इस विशेष दिन पर रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा। पारंपरिक संगीत, नृत्य और योग से भरपूर यह उत्सव संस्कृति प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा। समिति ने आम जनता से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।




संवावददाता सम्मेलन में उपस्थित आयोजन समिति के सदस्यगण।

## बृहद छोटानागपुर के आदि बुनियाद पुस्तक की प्रति राज्यपाल को भेंट

**जमशेदपुर।** आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय महासचिव सुनील कुमार गुलियार जी द्वारा लिखित 'बृहद छोटा नागपुर के आदि बुनियाद' नामक पुस्तक राज्यपाल संतोष गंगवार को भेंट दी गई। इस पुस्तक के अंतर्गत बृहद छोटा नागपुर के आदिवासी कुड़मियों के साथ क्या-क्या षड्यंत्र की गई है, इस बृहत छोटा नागपुर के कौन सबसे पुराना आदिवासी है, जनजाति, अनुसूचित जनजाति, और आदिवासी में क्या अंतर है इसकी पूरी व्याख्या की गई है। इस पुस्तक के अंतर्गत सीएनटी एक्ट 1908 के पूर्व किस एक्ट के तहत कुड़मयों के जमीन की सुरक्षा दी गई थी? सीएनटी एक्ट की उत्पत्ति कैसे हुई? किन लोगों के लिए बनाई गई थी? सीएनटी एक्ट1908 में कब-कब छेड़छाड़ की गई है? इन सभी बातों का जिक्र की गई है।

# टाटा स्टील केपीओ के वाइस प्रेसिडेंट राजीव कुमार ने दिया इस्तीफा

## कंपनी में उच्च स्तर पर कई बदलाव के संकेत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड के भारतीय परिचालन के प्रबंधन के लिए जब से नयी एप्राइजल पॉलिसी आयी है तब से अधिकारियों में इस्तीफा देने और लेने की गति तेज हो गई है। इसी क्रम में टाटा स्टील केपीओ के वाइस प्रेसिडेंट राजीव कुमार के अचानक इस्तीफा देने से हड़कंप मच गया है। उन्होंने गत बुधवार को अपना इस्तीफा कंपनी के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन को सौंपा। प्रबंधन ने उनके इस्तीफा को स्वीकार कर लिया है। राजीव कुमार ने अपने इस्तीफे की पुष्टि स्थानीय यूनियन नेताओं से बातचीत में की है। प्रबंधन के अधिकृत सूत्र ने भी राजीव कुमार के इस्तीफे की पुष्टि की है। दूसरी ओर, ऐसी संभावना है कि वे वेदांता ग्रुप के स्टील बिजनेस में बड़े पद संभाल सकते हैं। राजीव कुमार टाटा स्टील जमशेदपुर में विभिन्न पदों पर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। उनकी कार्य क्षमता को देखते हुए ही उन्हें टाटा स्टील केपीओ के वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशन पद पर पदस्थापित किया गया था। राजीव कुमार ने इस प्रोजेक्ट को ऑपरेशनल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। बताया जाता है कि टाटा स्टील में हर साल अधिकारियों की संख्या में 5 प्रतिशत कटौती का टारगेट एचआर विभाग ने तय किया है। बोर्ड के निर्देश के आलोक में इस टारगेट के चलते अधिकारियों में बेचैनी है। यहीं नहीं उनका सालाना प्रोत्साहन राशि का स्लैब भी बदल दिया गया है। यानी अब अधिकारियों को पहले की तर्ज पर कंपनी के मुनाफे के आलोक में प्रोत्साहन राशि नहीं मिलेगी। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में उच्च स्तर पर कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कंपनी वर्तमान में भारी मार्जिन दबाव में चल रही है, और वह अकेले जमशेदपुर प्लांट में 3000 कार्यबल की संख्या कम करने की दिशा में अग्रसर है।



राजीव कुमार।

## डॉक्टर श्री कृष्णा सिंह संस्थान में होली मिलन समारोह

**जमशेदपुर।** श्री कृष्णा सिंह संस्थान में गुरुवार को श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल बिष्टुपुर बागबेड़ा एवं घाघीडीह शाखा के शिक्षक शिक्षिकाओं ने होली मनाई । इस कार्यक्रम में श्री कृष्णा सिंह संस्थान के प्रधान सचिव डॉ हरि बल्लभ सिंह आरसी, अरका जैन विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ अंगद तिवारी कृष्णा सिंह संस्थान की कोषाध्यक्ष न सिंह श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल बिष्टुपुर की प्राचार्या पूर्णिमा त्रिपाठी, उप प्राचार्य डॉ रंजना कुमारी तथा श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल घाघीडीह की प्राचार्या श्रीमती पूजा किरण मुंडा मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.अंगद तिवारी ने प्रधान सचिव डॉ हरि बल्लभ सिंह आरसी को गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## एक नजर में




मिलानी हॉल बिष्टुपुर में गत 12 मार्च 2025 की शाम पंजाब नेशनल बैंक इम्पलाइज यूनियन,झारखंड शाखा के तत्वावधान में होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 102 बैंककर्मी और उनके नेतागण उपस्थित हुए और गुलाल लगा कर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इस अवसर पर विशेष रुप से महासचिव कॉमरेड आरए सिंह, उपाध्यक्ष कॉमरेड सुजीत घोष व आरबी सहाय विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन स्वरुचि भोज से हुआ।

### गुजराती सनातन समाज बिष्टुपुर में होलिका दहन




# टाटा स्टील मेरामंडली ने कर्मचारियों के लिए 20 इलेक्ट्रिक बसें कीं लॉन्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नरेंद्रपुर ओडिसा/जमशेदपुर।** ओडिसा के ढेंकनाल जिले के नरेंद्रपुर गांव में स्थित टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने अपने कर्मचारियों के लिए सतत और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देते हुए इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े की शुरूआत की। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी और टीएसएम के वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस उत्तम सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में चार्जिंग सुविधाओं से युक्त एक बस बे का उद्घाटन किया और बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस हरित पहल के तहत, पहले चरण में 20 इलेक्ट्रिक बसें प्लांट परिसर के भीतर कर्मचारियों की दैनिक आवाजाही के लिए चलाई जाएंगी। इस परिवर्तन से हर साल 500 टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी आने की संभावना है, जो टाटा स्टील के 2045 तक नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य के अनुरूप है। चाणक्य चौधरी ने कहा कि, इलेक्ट्रिक बसें और बस बे, टाटा स्टील की पूरी वैल्यू चेन में सस्टेनेबिलिटी की प्रतिबद्धता की दिशा में अगला कदम है। यह न केवल हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगा, बल्कि कर्मचारियों की सुविधा और प्लांट के अंदर यातायात की दक्षता को भी बढ़ाएगा। इस पहल पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तम सिंह ने कहा कि, यह लॉन्च हमारी दैनिक संचालन प्रक्रियाओं में सस्टेनेबिलिटी को अपनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

टाटा स्टील में कर्मचारियों के लिए पहली इलेक्ट्रिक बस सुविधा



# सरायकेला खरसावां डीसी ने किया अल कबीर पॉलिटेक्निक का दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अल-कबीर पॉलिटेक्निक जमशेदपुर में औद्योगिक-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी के मार्गदर्शन में सरायकेला खरसावां के औद्योगिक व शैक्षणिक विकास हेतु अल-कबौर पॉलिटेक्निक ने आदित्यपुर ऑटोक्लसटर और अन्य उद्योगों के साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में पॉलटेक सॉल्यूशंस प्रा लि जमशेदपुर और अल-कबीर पॉलिटेक्निक जमशेदपुर ने समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर किए।



## टाटा स्टील ने बायोगैस प्लांट्स का उद्घाटन किया

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल ने जीटी हॉस्टल और यूनाइटेड क्लब में अत्याधुनिक मॉड्यूलर बायोगैस प्लांट्स का उद्घाटन किया। इसका उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी व टाटा स्टील यूआईएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर रितु राज सिन्हा द्वारा किया गया। इन बायोगैस प्लांट्स की फीडिंग क्षमता 200 किलो प्रति दिन है, प्रत्येक प्लांट से 8 किलो गैस का उत्पादन किया जा सकता है। यह यूआईएसएल की पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।


# राहत : कुष्ठ आश्रम के निवासियों को बिजली कनेक्शन लेने पर सिक्योरिटी राशि में मिलेगी छूट

## रिफ्यूजी कालोनी में अवैध पानी कनेक्शन पर जुर्माना खत्म

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने एक बार फिर जनहित में बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में उन्होंने टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी से बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से उठाया था। इस दौरान उन्होंने जलापूर्ति, सीवरेज, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की थी। बैठक में पूर्णिमा साहू ने खासतौर पर कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों के लिए नए बिजली कनेक्शन पर सिक्योरिटी राशि में छूट देने की मांग रखी थी। इसके अलावा, उन्होंने गोलमुरी क्षेत्र अंतर्गत पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी में पानी कनेक्शन पर लगाए गए 5,000 रुपये के जुमार्ने को समाप्त कर सभी परिवारों को वैध कनेक्शन देने की भी मांग की थी। पूर्णिमा साहू के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। टाटा स्टील प्रबंधन ने उनकी मांगों को स्वीकारते हुए पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी में पानी के कनेक्शन पर लगाए गए 5,000 रुपये के जुमार्ने को समाप्त करने का निर्णय लिया है। साथ ही, कुष्ठ आश्रम में रहने वाले परिवारों को नए बिजली कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी राशि से छूट देने की भी स्वीकृति दे दी गई है। इस फैसले पर पूर्णिमा साहू ने टाटा स्टील प्रबंधन का आभार जताया है।



## स्पीड न्यूज

### मंडल अध्यक्ष चयन को लेकर हुई बैठक



**मनातू पलामू।** भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष की अंतू यादव के अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें पर्यवेक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय एवं सह पर्यवेक्षक राजगोविंद सिंह थे। सभी कार्यकर्ताओं से मंडल अध्यक्ष को लेकर तीन नाम मांगे गये जिसमे वर्तमान अध्यक्ष अंतू यादव, महामंत्री अरविंद यादव एवं महामंत्री धर्मेंद साहू को सर्वसम्मति से चुना गया है। अंतू यादव ने बताया कि पार्टी के विरोध काम करने वाले व्यक्ति को पार्टी में कोई काम नहीं है। मौके पर अंतू यादव, प्रदीप चावला, विगु साहू, अरविंद यादव, धर्मेंद्र प्रसाद, वीरेन्द्र सिंह यादव, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण साव, सुरेंद्र पासवान, लवकेश पासवान, विधायक प्रतिनिधि उद्देश्य यादव, हरेंद्र पासवान थे।

### बाइक ने ट्रक में मारी टक्कर, मौत

**पंडवा पलामू।** थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक बाइक पीछे से ट्रक में टकरा गयी। इसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी है। दोनों मौसेरे भाई हैं। जख्मी युवक को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान गढ़वा मेराल के अधवरी का अनूप शर्मा (22) पिता सुनील शर्मा के रूप में हुई है। जख्मी युवक गढ़वा के कांडी सरकोनी के प्रेम उर्फ प्रिंस शर्मा (18) पिता दिग्विजय शर्मा है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर रेहला मुख्य पथ पर जनता उवि के मुख्य द्वार के सामने गुरुवार को दो बाइक की टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां से दोनों को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया है। घायलों की पहचान पांडू थाना क्षेत्र के बंदला निवासी रंजीत चौधरी व वंशीधर नगर के मगरदाह निवासी अजय विश्वकर्मा के रूप में हुयी है।

### महावीर मंदिर प्रांगण में होली मिलन



**विश्रामपुर (पलामू)।** सामाजिक सेवा समिति ने बिश्रामपुर के महावीर मंदिर प्रांगण में गुरुवार को होली मिलन समारोह मनाया। उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला व डॉ वी पी शुक्ला ने किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। इस दौरान भोजपुरी गायक वीरा दीक्षित की टीम ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाये। मौके पर अध्यक्ष संजय पांडेय, संजय उपाध्याय, रवींद्र नाथ उपाध्याय, सतेंद्र यादव, रमेश चौबे, मनीष कुमार मौजूद थे।

### पलामू सेंट्रल जेल में प्रशासन ने मारा छापा, नहीं मिली आपत्तिजनक सामग्री



**मेदिनीनगर।** सेंट्रल जेल में जिला प्रशासन ने औचक छापेमारी की। जिसमें उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेसन, सदर एसडीएम सुलोचना मीना, नगर आयुक्त जावेद अहमद समेत कई जिलाधिकारी शामिल थे। जिले के अधिकारियों ने जेल के सभी वार्डों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। साथ ही कैदियों को जेल प्रशासन द्वारा दी जानेवाली सुविधाओं पर भी गहनता पूर्वक जांच की। ज्ञात हो कि इस दौरान पीएलएफआई सुप्रीमों दिनेश गोप को विशेष सुविधा दी गयी थी यह देखकर छापेमारी कर रही टीम नाराजगी व्यक्त की।

### मंईयां योजना के पैसे को लेकर विवाद, पति जला

**पाटन पलामू।** मंईयां सम्मान योजना के पैसे को लेकर पति व पत्नी के विवाद में नौशाद आलम पिता स्व कासीम अंसारी ग्राम खरौंधा ने अपने शरीर में मंगलवार की शाम आग लगा लिया जिससे वह गंभीर हो गया। परिजन उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर में भर्ती कराये हैं। जहां पर उसका ईलाज किया जा रहा है। नौशाद की पत्नी के खाते में 7500 आये थे। नौशाद इसे अपनी पत्नी से मांग रहा था, इसी में विवाद हुआ।

### लिलिपुट प्ले स्कूल में मना होली मिलन



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट ए प्ले स्कूल में होली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। सभी बच्चों का स्वागत शिक्षिकाओं ने अबीर का टीका लगाकर किया। सभी बच्चों ने होली के गानों पर डांस कर खूब रंग जमाया। इसके बाद झाल बजाकर होली के गाने गाये गये जिसको बच्चों ने खूब एन्जॉय किया। बच्चों को हाथों में रंग लगाकर पाम पेंटिंग करवायी। निदेशक राजीव गोयल ने कहा कि होली आपसी सद्भाव और भाईचारे का पर्व है, इस पर्व में लोग आपसी शिकायतों को भुलाकर एक दूसरे को प्रेम के साथ रंग में सराबोर करते हैं। मौके पर मन्नत सिंह बग्गा, फलक आफरीन, अश्विनी, श्याम तिवारी, सुकृति, गणेश, लक्ष्मी, राजनंदिनी, विद्या, वंशिका, करनाली, अरीबा, तनु, श्रुति, सपना, पलक, तृप्ति सक्रिय रहे।

### होल्डिंग टैक्स वसूली को चला अभियान



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला के नगर पंचायत हुसैनाबाद प्रशासन ने होल्डिंग टैक्स बकाया वसूली के लिए सघन अभियान चलाया। यह अभियान नगर पंचायत के प्रशासक तर्निश कुमार हंस के नेतृत्व चला, जिसमें नगर पंचायत की टीम के साथ हुसैनाबाद थाना बल शामिल रहा। टीम ने अभियान में बड़े बकायादारों के ठिकानों पर दस्तक दी और कई व्यसायियो एवं मकान मालिकों के द्वारा 1 वर्ष से अधिक समय से होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किये जाने पर सभी बकायदारों को सख्त चेतावनी देते हुए नगर प्रशासक तर्निश कुमार हंस ने कहा गया कि समय पर होल्डिंग टैक्स जमा नही करने पर खाता फ्रीज हो सकता है। दुकान-मकान सील किया जा सकता है।

# होली को लेकर हरिहरगंज पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला

खबर मन्त्र संवाददाता



फ्लैग मार्च में शामिल प्रशासनिक अधिकारी-पदाधिकारी।

**हरिहरगंज पलामू।** होली पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीका से मनाने के लिए पुलिस ने गुरुवार को हरिहरगंज शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च मेन रोड़, अररुआ मोड़, शिव मंदिर, झंडा चौक, मेन बाजार, बंजारी आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में शामिल जवानों ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संदेश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। होली त्योहार को लेकर शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिद के अलावा प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। फ्लैग मार्च में एसआई सतीश कुमार गुप्ता, विगेश कुमार राय, रंजीत सिंह, राकेश सिंह, अविनाश कुमार, अजय कुमार सिंह, नंदलाल साहनी, देमंति बास्की, सुनील कुमार झा, एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी, सुनील कुमार, मुन्नाराम सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

# रंगों का त्योहार होली और रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, किया गया फ्लैग मार्च

- अराजक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



फ्लैग मार्च में लोगों से शांति की अपील करती हुसैनाबाद पुलिस।

**हुसैनाबाद पलामू।** होली और रमजान को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस प्रशासन काफी अलर्ट मोड में है। हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में गुरुवार को हुसैनाबाद थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया, जो शहर के पटेल चौक, मधुशाल रोड, मकबरा रोड, लंबी गली, गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए लोगों से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का अपील की। हुसैनाबाद एसडीओ ने कहा कि अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई होगी। होगी एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने कहा की होली और रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। यदि कोई भी असामाजिक तत्व समाज में किसी तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, साथ ही सोशल मीडिया पर भी पुलिस अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने आमजन से अपील की किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नजदीकी थाना को तत्काल दें। मौके पर सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी, एसआई संजय यादव, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता व पुलिस जवान शामिल थे।

## फुटपाथ दुकानदार संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

# नगर पंचायत के सफाईकर्मियों को एसडीपीओ ने किया सम्मानित

मित्तल सिंह



होली मिलन समारोह में उपस्थित अतिथि व अन्य लोग।

**छतरपुर पलामू।** ठाकुरबाड़ी परिसर में फुटपाथ दुकानदार संघ के द्वारा गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गायक राहुल सिन्हा,भीम ब्यास, मंटू, धर्मेंद्र उजाला, विनय, महेश यादव, मुकेश माही, विनय सागर ने शानदार होली की गीत की प्रस्तुति दी।

होली मिलन समारोह का उदघाटन सामाजिक सौहाद्र का परिचय देते हुए फीता बांध कर एसडीपीओ अवध कुमार यादव, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, एसआई राजीव कुमार, एनके सिंह, मिश्रा जी, पूर्व मुखिया पुखराज राम, फुटपाथ दुकानदार संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून, अध्यक्ष गौतम सागर, विजय साव, गोकुल प्रसाद, राजवीर प्रसाद, सरजू साहू, मनोज साहू, आकाश कुंदन, अवधेश, अनिल, सुनील, गणेश, पंकज अशोक एवं अन्य सदस्य शामिल थे। वहीं संघ के द्वारा मीडियाकर्मी को एक कलम ओर माला देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर प्रेमपूर्वक होली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में सफाईकर्मी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया पुखराज राम, समाजसेवी पारसनाथ गुप्ता भी शामिल थे।

# हुसैनाबाद में भाईचारा और एकता के रंग में भंग नहीं होने देंगे : विधायक

- पांच सरोवर पार्क में भव्य होली मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम
- सिया निकले अवधवा की ओर की धुन पर थिरके राजद और महागठबंधन के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के वार्ड नम्बर एक गैता पोखरा पंच सरोवर पार्क मैदान में बुधवार को राजद व गंठबंधन के होली मिलन समारोह एवं भव्य गीत संगीत संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक संजय सिंह यादव, युवा नेता रवि यादव, मिथिलेश सिंह, शशि पासवान, कलामुद्दीन खा आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन राज अली उर्फ जाकिर अली ने किया। मौके पर विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आदि अनादि कालो से चलता आ रहा हैं। यह त्यौहार केवल रंगो का त्यौहार नही हैं बल्कि यह एक अखंडता व भाई चारे के प्रेम का त्यौहार हैं जिसमे हमलोग एक दूसरे से सारा गीला शिकवा दूर करते हैं और नए सोच के साथ कार्य करने के लिए हिन्दू सनातन परंपरा की तिथि व दिन बदलता हैं। हमलोग इस बार यह संकल्प ले कि प्रेम की वर्षा कर सभी एक रंग पिरो देंगे और सामाजिक सद्भावना बिगड़ने वाले के मंसूबा कभी कामयाब नही होने देंगे। वहीं कार्यक्रम में बिहार झारखंड की मशहूर भोजपुरी गायिका पुष्पा राणा अपनी टीम के साथ गीत संगीत प्रस्तुत की। वहीं राणा ने भी लोगो से अपनी सभ्यता व से संस्कृति को बचाते हुए संस्कृति कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की बात कही। कार्यक्रम में सबसे

### मोहम्मदगंज : बिजली चोरी में आठ पर केस दर्ज

**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र में सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चला। इस दौरान भजनिया के अरविंद शर्मा, बीरधवर के जितेंद्र सिंह, सोनू पाल, सहार बिहरा के जितेंद्र शर्मा, बेगमपुरा के प्रसाद यादव, पजू यादव, अखिलेश यादव और मिथलेश यादव पर बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया। श्री महतो ने मोहम्मदगंज थाना में इन सबके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी और कुल 83,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। मौके पर मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, रंजय कुमार, ललितेश्वर मेहता और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह थे।

# पलामू पत्रकार परिषद ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पत्रकार परिषद ने होली मिलन समारोह होटल शिवाय ब्लू में मनाया। अध्यक्षता अध्यक्ष नीलकमल मेहरा ने की। मौके पर सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामना दी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सुमन ने कहा कि यह ऐसा पर्व है जो रंग बिरंगे रंगों में एक सौहार्दपूर्ण उमंग लाता है। परिषद का होली मिलन समारोह पलामू ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। पत्रकार ऐसा समुदाय है जो समाज में किसी से भेद विभेद नहीं करता। चाहे वह शासन प्रशासन हो या आम जन। सबके लिए मुखर होकर समाज का आईना बनता है। जिसपर समाज के लोग भरोसा करते हैं। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार केतन आनंद, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अरूण शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रभुदयाल तिवारी, अजीत मिश्रा व अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में श्रवण सोनी, संजीत यादव, अमित कुमार भोला, राजेश सिन्हा, रवि कुमार, अभिषेक पांडेय, विवेक सिंह, करूणाकरण, गजेंद्र कुमार समेत अन्य पत्रकार शामिल थे।

# पर्व को लेकर थाना प्रभारी और सीओ ने दल-बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

सुधीर यादव

- हुड दंग करने वाले लोगों के ऊपर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर



**मनातू पलामू।** जिले में होली समेत विभिन्न पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मनातू पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव एवं मनातू सीओ मदन कुमार सुमन समेत जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च मनातू थाना से निकल कर मनातू, कुसड़ी, सेमरी, पदमा के कई चौक चौराहो से गुजरते हुए मनातू थाना में आकर समाप्त हुआ। होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। मौके पर सीओ व थाना प्रभारी ने होली त्यौहार को मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी समुदायों से शांति से मनाने की अपील की। कहा कि पर्व खुशियां लेकर आता है। पर्व भाईचारा व शांति से मनायें। पर्व में शांति भंग करनेवालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। कहा कि पर्व में हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कहा कि एक दूसरे से अफवाह फैलाने का काम ना करें तथा मकसद न किसी प्रकार का साधने का प्रयास की जाए।

### सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**मेदिनीनगर।** रंगों का त्योहार होली को शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर पुलिस काफी सतर्क है। असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। इस पर्व के अवसर पर सदर थाना प्रभारी उत्तम राय के नेतृत्व में सुआ कौड़िया गोदाम चौक से फ्लैग मार्च निकाली गई। इसमें महिला, पुरूष सशस्त्र बल काफी संख्या में शामिल थे। जो जोड़, खनवा, पोखराहा समेत विभिन्न पंचायतों में फ्लैग मार्च के दौरान भ्रमण कर समाज में शांति बनाये रखने का संदेश दिया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री राय ने कहा कि समाज में विद्वेष फैलाने वाले असमाजिक तत्व एवं उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भ्रामक खबर तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। समाज में अशांति फैलाने वाले लोगों को चिंहित कर पुलिस को गुप्त सूचना दें उस पर त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। फ्लैग मार्च में एसआई रंजीत कुमार, सुजीत पांडेय, एएसआई चंद्रशेखर दूबे, अरबिंद कुमार गुप्ता, दिलीप रजक समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### सीमेंटेड बेंच टूटने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी नहीं ली जा रही सुध



**मोहम्मदगंज।** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर दो के दक्षिणी छोर पर बने सीमेंटेड बेच काफी पहले ही से टूटा हुआ है। ऐसे में यात्रियों को खड़े होकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ता है। एक तो वैसे ही बेंच की संख्या काफी कम है। इसमें भी शरारती तत्वों के हाथों टूटे हुए इस बेंच को ठीक करने अथवा बदलने को लेकर किसी ने सुधि नहीं ली है। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक भवन और प्लेटफॉर्म को बेहतर तरीके से बनाया गया है। डबल लेन फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

# एकता-भाईचारा के रंगों को पिरोने का संदेश देता है होली : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

- अखिल भारतीय काष्टकार विकासशील मंच ने किया होली मिलन समारोह आयोजित



**हुसैनाबाद पलामू।** अखिल भारतीय काष्टकार विकासशील मंच हुसैनाबाद ने ग्राम सैदाबाद में होली मिलन सह वनभोज एवं दुगोला कार्यक्रम किया। इसके मुख्य अतिथि विधायक संजय सिंह यादव थे। साथ में उपस्थित पूर्व नगर अध्यक्ष शशी कुमार मोजूद रहे। कमिटी की ओर विधायक एवं उपस्थित सभी को अंग वस्त्र देकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। इस मौके पर हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव ने ने बढ़ई समाज को एकता एवं भाईचारा बनाए रखने का संदेश देकर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आकृष्ट कराया। संचालन नरेंद्र शर्मा ने किया। मौके पर अवधेश शर्मा, अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अनील शर्मा, महासचिव कपील शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष डोमम शर्मा, जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा थे।

### हृदय गति रूकने से एजीएम की मां का निधन



**पाटन पलामू।** पाटन एजीएम देवप्रिय की मां पुष्पावती देवी पति स्व विमल किशोर वर्मा की मौत हृदय गति रुकने से हो गयी। जिससे एजीएम देवप्रिय काफी सदमे में हैं। तबीयत खराब होने पर परिजनों ने तत्काल डालटनगंज अस्पताल में इलाज कराया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद परिजन जमशेदपुर नारायण अस्पताल में भर्ती कराये थे, जहां बुधवार को उनकी मौत हो गयी। मृत्यु के बाद परिजन शव डालटनगंज अपने घर ले आये।

# पाटन के कुंवर बांध में खुला श्रीराधा साहू इंटरनेशनल स्कूल

- 1 से 8 कक्षा में हुआ 197 छात्र-छात्राओं का नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** जिला अंतर्गत पाटन प्रखंड के कुंवर बांध में गुरूवार को श्रीराधा साहू इंटरनेशनल स्कूल खोला गया। स्कूल का उद्घाटन स्कूल के चेयरमेन निखिल गुप्ता, प्राचार्य काजल गुप्ता, लामी पतरा उच्च विद्यालय के हेडमास्टर प्रमोद कुमार ठाकुर, राहुल कुमार, मनोज कुमार मेहता ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। मौके पर स्कूल के चेयरमेन निखिल गुप्ता ने कहा कि अभिभावकों व क्षेत्र की जनता की मांग पर श्रीराधा साहू इंटरनेशनल स्कूल की निंव रखी गई है। स्कूल में प्रथम से आठ क्लास तक 197 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक एवं वर्तमान शिक्षा पद्धति में जो व्यवस्था होनी चाहिए उससे अधिक इस विद्यालय में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षा दी जायेगी। प्राचार्य काजल गुप्ता ने उपस्थित अभिभावकों को कई जानकारी दी।

# पाटन पुलिस ने किशुनपुर, सूठा, लोइंगा समेत कई क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च

- आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने का आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील करती पाटन पुलिस।

**पाटन पलामू।** शांतिपूर्ण होली मनाने को पाटन थाना पुलिस के द्वारा पाटन, किशुनपुर, सुंठा, लोइंगा सहित कई क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व इंस्पेक्टर अनिल सिंह, पाटन थाना प्रभारी लालजी एवं पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। फ्लैग मार्च में किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार अपने दल बल के साथ भाग लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने सभी लोगों से होली पर्व शांति पूर्वक मनाने की अपील की। थाना प्रभारी लालजी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान अशांति फैलाने का काम करेगा तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने के लिए आग्रह किया। पाटन पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान अवैध रूप से बम पटाखा बेचने वाले दुकानों का जांच किया गया तथा थाना प्रभारी लालजी ने सख्त आदेश देते हुए होली पर्व के दौरान पटाखे नहीं बेचने के लिए चेतावनी दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जो कोई भी दुकानदार होली पर्व के दौरान पटाखे अवैध रूप से बेचते हुए पकड़े जायेंगे उन पर कार्रवाई किया जायेगा। पाटन पुलिस ने होली पर्व में शांति भंग नहीं हो इसके लिए प्रयास रत है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। इस दौरान जो लोग पकड़े जायेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। होली पर्व के मद्देनजर पुलिस क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहेगी। शांति से लोग पर्व मनायें पुलिस सदैव आपके साथ है।

## पदमा एसबीआई शाखा में मना होली मिलन समारोह, पिकेट प्रभारी बोले

# होली आपसी भाईचारगी का त्योहार



पिकेट प्रभारी के साथ होली मिलन समारोह मनाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू पलामू।** जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा एसबीआई शाखा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बैंककर्मियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मौके पर एसबीआई के ब्रांच मैनेजर मनीष कुमार पांडये ने कहा कि होली भाईचारा व आपसी प्रेम का संदेश देता है तथा बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। पदमा पिकेट प्रभारी संतोष कुमार, अविनाश कुजूर, गार्ड कन्हाई यादव समेत कई एसबीआई के सीएसपी संचालकों ने कार्यक्रम में लिया भाग। मौके पर सीएसपी संचालक रवि गुप्ता, अजीत प्रसाद, संजीव मेहता, वीरेंद्र सिंह यादव, होली के शुभ अवसर पर एक दूसरे से रंग गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे को बरकरार रखने के लिए खुशी का इजहार किया। साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिले।

## बीडीओ सह सीओ और थाना प्रभारी ने दी रमजान व होली की शुभकामनाएं

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी तथा धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने सभी प्रखण्ड सहित क्षेत्रवासियों व प्रखंड वासियों को होली व रमजान पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द पूर्ण माहौल में होली व ईद मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि होली देश के प्रमुख त्योहारों में से एक है यह आनंद एवं उल्लास का ऐसा रंग भारत का उत्सव है जो पूरे राष्ट्र में मनाया जाता है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि होली को हमें आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए क्योंकि होली का त्योहार हमारे जीवन में बहुत सी खुशियां लेकर आता है हमें इस दिन किसी के प्रति बदले की भावना नहीं रखकर बल्कि प्यार की भावना पर बल देना चाहिए हमें होली के त्यौहार में सावधानी बरतनी चाहिए।

# पुलिस ने छापेमारी कर 1000 किलो जावा महुआ एवं उपकरण को किया नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरडीहा।** गढ़वा जिले के बरडीहा थाना अंतर्गत सुखनदी गांव के बरवाहा जगल में पुलिस द्वारा बुधवार की शाम अलग- अलग ठिकानों पर छापामारी कर लगभग 1000 किलो जावा महुआ एवं भारी मात्रा में उपकरण को विनष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार अवैध महुआ शराब चुलाने का कारोबार काफी दिनों से चल रहा था। वहीं इस गोरख धंधा से गांव के लोगों पर काफी प्रभाव पड़ रहा था। जिसको लेकर उक्त गांव निवासी रविंद्र यादव, पिता बबलू यादव के द्वारा पुलिस अधीक्षक को 12 मार्च दिन बुधवार को शराब भट्ठी बंद करवाने के संबंध में निवेदन करते हुए आवेदन दिया गया। उक्त आवेदन के माध्यम से कहा गया कि ग्राम सुखनदी में गोपाल यादव, बसंत यादव दोनों पिता संतोष यादव, सुजीत यादव पिता अशोक यादव, विनय यादव पिता मेघनाथ यादव, संदीप यादव पिता उदय यादव, ओम प्रकाश यादव पिता मनोज यादव के द्वारा ग्राम सुख नदी में अवैध महुआ शराब की भट्ठी चलाया जा रहा है जो कि इस भट्ठी से ग्रामीण जनता पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। वहीं उक्त आवेदक के आधार पर बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश


नष्ट करती पुलिस

कुमार सिंह एवं एएसआई आनंद मिंज एवं सशस्त्र पुलिस बल सुखनदी गांव में स्थित बरवाहा जंगल पहुंचकर खोजबीन करते हुए अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर लगभग 1000 किलो जावा महुआ, बनाने वाला उपकरण एवं भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। जानकारी के अनुसार जयप्रकाश यादव भी अवध महुआ शराब का कारोबार करता है जो कुछ दिनों से अपना भट्ठी बंद कर रखा था। इस संबंध में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आलोक में सुखनदी गांव के जंगल में अवैध महुआ शराब को लेकर छापेमारी की गई है। जिसमें लगभग 1000 किलो जावा महुआ विनष्ट करते हुए, बनाने वाले उपकरण को भी विनष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को देखकर जंगल का फायदा उठाते हुए अवैध महुआ शराब कारोबार करने वाले लोग भाग चुके थे। साथ ही कहा कि कुछ लोगों का नाम प्रकाश में आया है उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

**खबर एक नजर में**

## मझिआंव की टीम ने किया टूर्नामेंट पर कब्जा



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप सेल के सब्जी मार्केट में स्थित ग्राउंड में स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब टाउनशिप द्वारा आयोजित स्वर्गीय प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि समाज सेवी मानस राज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच मझिआंव बनाम टाउनशिप के बीच खेला गया। जहाँ मझिआंव की टीम नें टाउनशिप को तीन सेट से हराकर टूनार्मेंट पर कब्जा किया। समाज सेवी मानस राज सिंह नें विजेता एवं उप विजेता को ट्रॉफी प्रदान किया। इस मौके पर मानस राज सिंह नें कहा कि युवा खेल के माध्यम से अपने भविष्य को संवार सकते है। पहले के समय में शिक्षा की तुलना में खेल को उपेक्षित दृष्टि से देखा जाता था, लेकिन आज स्थिति में बदली है। इस तरह के आयोजन से युवाओ में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की बात कही इस मौके श्री राम सिंह, रजनीश सिंह,जी प्रसाद, विनय गुप्ता,कमिटी के प्रथम चौबे, हर्षित सिंह, सूर्यप्रकाश सिंह, आदित्य राज सिंह, बंटी कुमार, शांतनु कुमार, निखिल कुमार, सरफराज, कैफ, सजल सिंह, सूरज सिंह, वाहिद, विकास सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# चांदनी मार्केट में तरावीह की नमाज का इंतेजाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** रमजान के पवित्र माह के अवसर पर चाँदनी मार्केट में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तरावीह की नमाज का इंतेजाम किया गया जिसमें पूरे 11 दिनों तक पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत की गई। दिनांक 12 मार्च 2024, गयारवें रोजे के दिन तरावीह की नमाज पूरी हुई एवं 30 पारा कुरान शरीफ की पढ़ाई मुक्कमल हुई। इस वर्ष भी पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत, लेकर गौसिया रिजविया मदरसा, राजा बाजार, बोकारो थर्मल के प्रिसंपल मुफती सहाबउद्दीन सकावी के द्वारा पढ़ाई गई। इस अवसर पर चाँदनी मार्केट एवं डीवीसी मार्केट स्थित दुकानदार, और आस पास के डीवीसी एवं सीसीएल के कर्मियों ने तरावीह की नमाज में शिरकत की। तरावीह की नमाज में 11 रोजो तक लोगों की तादाद सैंकड़ों में बनी रहीं। मुक्कमल तरवीह की नमाज के अवसर पर लोगों की भीड़ भारी संख्या में रहीं। इस अवसर पर मुफती सहाबउद्दीन सकावी द्वारा भारत एवं विश्व की शांति हेतु विशेष दुआ की गई। इस मौके पर समाजसेवी मंजूर आलम, शाहिद इकराम, रूस्तम अंसारी, रियाज खान, फहीम अहमद, रिजवान आलम, दुकानदार भाईयों में - मिनहाज अंसारी, मंजर आलम, गुडडू, हसीब, शोएब अंसारी, मेराज, सलमान, रजाउद्दीन इत्यादि उपस्थित रहें। इसके अलावा विशेष रूप से हाजी मौलाना फना अख्तर, मौलाना शमीम कादरी, कारी साहब आदि भी उपस्थित रहें एवं अपना वक्तवय रखा। खत्म तरावीह के अवसर पर मुफती साहब को मंजूर आलम, शाहिद इकराम व रूसतम अंसारी द्वारा माला, गमछा पहनाकर एवं नजराना देकर सम्मानित किया गया।

## होसिर पश्चिमी पंचायत में होली मिलन समारोह

**बेरमो/ललपनिया।** देश में होली की धूम है देशभर में लोग होली की मस्ती में पूरी तरह सराबोर नजर आ रहे हैं, बाजारों में लोग रंग, गुलाल पिचकारी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं इस हर्षो- उल्लास साथ गोमिया प्रखण्ड के होसिर पश्चिमी पंचायत भवन देवीपुरमें पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि महावीर दास के नेतृत्व में तथा वार्ड प्रतिनिधि उमेश महतो के अध्यक्षतामें होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत की पंचायत सेवक पूर्णिमा कुमारी वार्ड सदस्य गीता देवी, राजेश्वर साव, गौतम कुमार यादव, राजकुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जबरन शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के 14 वर्षीया नाबालिग बच्ची के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने, लगातार धमकी देने के आरोप में प्रखण्ड के ग्राम योगीयवीर निवासी रवि गुप्ता पिता गंगेश्वर प्रसाद गुप्ता को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना से संबंधित अन्य बिंदुओं पर पुलिस अनुसंधान कर साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। विदित हो कि पिछले माह भी केतार


गिरफ्तार रवि गुप्ता

थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के द्वारा के बिजडीह ग्राम के बाल्मीकि ठाकुर का नाबालिक बच्ची की हत्या के आरोप में उसी गांव के एक नीतीश चौरसिया पिता उमेश चौरसिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि थाना अंतर्गत किसी भी तरह का असमाजिक तत्वों जैसे लोगों का जगह नहीं होगा। किसी भी हाल में दोषियों, अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी दल में स्वयं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानीी, एएसआइ वेंकटेश शर्मा अपने सशस्त्र बल के साथ थे।

# शराब पीने के लिए मना करने पर पत्नी की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका।** सदर थाना क्षेत्र के सोनदाग पंचायत के भलुवानी ग्राम के गोता टोला निवासी रामजन्म सिंह ने अपने पति पर कुदाल से प्रहार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी देते हुए मृतका के ससुर तेजू सिंह ने बताया कि अहले सुबह पति-पत्नी में शराब पीने को लेकर तू -तू में-में हुई। मामला इतना बढ़ा की पति ने अपने 27 वर्षीया बेबी देवी पत्नी को कुदाल से खाप कर मार डाला। गांव वाले की खबर पर रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस सब इंस्पेक्टर सुहागिन सोरेन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना में प्रयुक्त कुदाल सहित अन्य सामग्री को बरामद करते हुए मृतका के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा के लिए भेज दिया है। रंका पुलिस थाना में फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज करते हुए रंका थाना कांड संख्या 38 के तहत बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त रामजन्म सिंह को पकड़ने के लिए खोजबीन शुरू कर दी है। इधर पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान वस्तु स्थिति को लेकर काफी गंभीर हैं और फरार पति राम जन्म सिंह को जल्द पड़कर गिरफ्तार करने के लिए लगे हुए हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि मृतका के पति शराब पीने के कारण अपना मजदूरी के पैसे से 1000 रुपए शराब पीने में खर्च कर दिया था। जिसको लेकर पति-पत्नी में तू तू में रात में हुई थी। अहले सुबह पत्नी को घर में रखे हुए कुदाल से उसके सिर पर कई बार किया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। उसके बाद वह अपने प्यारे-प्यारे तीन बच्चों को छोड़कर घर से भाग गया। जब बच्चों की नींद सुबह खुली तो मां के को मरी हुई अवस्था में बच्चों ने पाया इसकी जानकारी बच्चों ने अपने दादा-दादी को दी। इसके बाद इसकी जानकारी रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह को दी गई।

## रोटरी ने बेसहारा बच्चों के साथ मनाई होली, बिखेरी मुस्कान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने सहयोग विलेज में बच्चों के साथ होली मनाई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि सहयोग विलेज के बच्चों के साथ होली मनाना एक बहुत ही नेक और खुशी देने वाला कार्य है। इससे न सिर्फ बच्चों को खुशी मिलती है बल्कि आपके अंदर भी संतोष और आनंद का एहसास होता है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि गुलाल से बच्चों के साथ रोटरी सदस्यों ने होली खेली तथा बच्चों ने आपस में एक दूसरे को अभी लगाकर उत्साह का प्रदर्शन किया। दीवा बैद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए स्वादिष्ट खाने एवं मिठाई के पैकेट के साथ कॉपी पेन चॉकलेट और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता चोपड़ा पूजा बैद डिंपल कौर ज्योति अग्रवाल भाग्यश्री बैद श्रुति बैद मनोज सिंह विजय अग्रवाल प्रेम शंकर सिंह अर्चना सिंह नरेंद्र सिंह डॉ श्रवण किरण कुमार पूर्वी केजरीवाल रितु अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।

### मेडिकल स्टोर के पास नशे का सबूत भारी मात्रा में

# कफ सिरप की खाली बोतलें बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /बोकारो।** जिले में विभिन्न स्त्रोतों से मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी एसडीओ चास प्रांजल ढ़ाडा के नेतृत्व में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, औषधि निरीक्षक ड्रग इंस्पेक्टर के सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने चास शहर के कोठारी मार्केट स्थित न्यू आरके मेडिकल की जांच की। निरीक्षण के दौरान मेडिकल दुकान के समीप कोडिन युक्त कफ सिरप (ङ्गल्लीश्ी७, ६ल्लीूरी७,ु'४१ी७ ) आदि की कई खाली बोतले फेंकी हुई पाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी चास ने बताया कि यह सभी कफ सिरप प्रेसक्रिप्शन ड्रग्स की श्रेणी में आते है। जिन्हे खरीदने के लिए चिकित्सक का चर्चा अनिवार्य होता है। मेडिकल प्रतिष्ठान को इन दवाओं की खरीद बिक्री का सही अभिलेख रखना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि संबंधित मेडिकल दुकान द्वारा इन दवाओं की बिक्री में आवश्यक नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी चास ने औषधि निरीक्षक ड्रग इंस्पेक्टर को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोडिन युक्त कफ सिरप का विशेष रूप से युवा वर्ग और बच्चे नशे के लिए दुरुपयोग करते हैं।

# हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** ओएनजीसी की सीबीएम परिसम्पत्ति इकाई की ओर से सेक्टर-5 स्थित आशालता केन्द्र में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित कवियों ने एक से बढ़कर एक काव्य रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और हंसते-हंसते लोटपोट होने को विवश कर दिया। आमंत्रित कवियों में चिराग जैन मनीषा शुक्ला अभिनव शंकर अनिकुल महेन्द्र अजनबी और रमेश मुस्कान ने काव्य-फुहारों की बौछार की। विशेषकर अभिनव शंकर ने कविताओं के साथ-साथ शेरो-शायरी की झड़ी लगाकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। क्यों जायका बिगाड़े हम कुछ खराब पी के- कौन बोतल छूए इन लबों की शराब पी के..., धर्म से, अधर्म से और मानवता के मर्म से, मंच के कथ्य से, ओझल नेपथ्य से, और कविताएं चुराता हूँ मै उस अंतिम सत्य से... आदि सुनाकर समां बांधा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओएनजीसी की स्थानीय इकाई के कार्यकारी निदेशक परिसम्पत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी ने साहित्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उक्त आयोजन की महत्ता बताई।

## तेनुघाट अधिवक्ता भवन में बीते देर शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट स्थित अधिवक्ता संघ भवन में बुधवार 12 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी भी मौजूद थे।इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्यौहार है। इसे हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी परंपरा है कि होली के दिन हम पुराने गिले शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिल कर रंग अबीर लगाते हैं, जिससे हमारी आपसी मिलन बराबर बना रहे। जिला जज तृतीय फहीम किरमानी कहा कि होली के साथ-साथ पाक रमजान का भी त्यौहार चल रहा है। इसलिए सभी सौहार्दपूर्ण से इस त्यौहार को मिलकर शांत वातावरण में मनाए। सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता संघ की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि यह हमारी पुरानी परंपरा है कि होली मिलन समारोह में अधिवक्ता संघ के साथ न्यायिक पदाधिकारी भी आते हैं और हम मिलकर होली की बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी इस त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। कामना करते हैं कि सभी जन खुशी पूर्वक त्यौहार को मिलकर मनाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है और हमें इसे मिलजुल कर मानना चाहिए। अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि होली मिलन समारोह में आज हम सब मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे हैं। साथ हीं पकवान खिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि होली के साथ-साथ पाक रमजान त्योहार के भी दोनों समुदाय को बहुत-बहुत बधाई।

## होली को लेकर बोकारो थर्मल पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बेरमो।** भारत देश में रंगों का त्यौहार होली को लेकर आज बोकारो थर्मल पुलिस ने पुलिस निरीक्षक सह थानेदार शैलेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस बल ने बोकारो थर्मल डीवीसी के सेंट्रल मार्केट, स्टेशन रोड, अस्पताल मोड़, झारखण्ड चौक सहित आसपास के टोला मोहल्लों का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च के जरिए बोकारो पुलिस ने शांति और सादगी के साथ भाईचारा के साथ होली मनाने का संदेश दिया। इसको लेकर बोकारो पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। मौके पर,बैजुन मरांडी, एपी मेहता, राजेंद्र प्रमाणिक, पंकज भारद्वाज सहित काफी संख्या में महिला वा पुरुष पुलिसकर्मी शामिल थे।

# होली और रमजान को लेकर रमना मे निकला फ्लैग मार्च



मार्च करती पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** होली और रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। रमना प्रखंड के सभी पंचायतो एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है।

प्रखंड मुख्यालय सहीत आसपास के क्षेत्रों में होली की पूर्व संध्या पर फ्लैगमार्च किया गया। जिला बल के जवानों को लेकर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह,पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, सीओ विकास कुमार पांडेय, थाना प्रभारी आकास कुमार ने मुख्य सड़कों के अलावा गली-मोहल्लों में भी फ्लैगमार्च किया।

इसमें एनएच 75, मुरती टोला, बजार, गोसाईबाग, बगौंधा, स्टेशन रोड शामिल थे। इस दौरान कई जगहों पर पुलिस की ओर से शांति के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की गईएसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा है कि होली व रमजान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हुड़दंग करने वाले पुलिस की रडार पर हैं। जबरन किसी की मर्जी के खिलाफ रंग लगा परेशान करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों से दूर रहें और शांति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाएं। आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।इधर, पुलिस की गश्ती सभी इलाकों में तेज कर दी गई है। फ्लैग मार्च में श्री बंशीधर नगर के थाना प्रभारी आदित्य कुमार,बिशनपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार,महिला थाना प्रभारी सहितरमण थाना पुलिस के सभीअधिकारी पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर दर्ज होगी एफआइआर : एसडीपीओ

एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि होली के मद्देनजर इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी जारी है। भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ एफआइआर होगी। इसके लिए साइबर सेल अलर्ट है। सेल इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर निगरानी कर रही है। सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा है कि इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट किया गया, तो पोस्ट करने वाले और एडमिन पर कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों का शोषण

बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफी सिर्फ.एक अलग, निजी अपराध नहीं है, बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहां पीड़ितों- अक्सर कमजोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई।

न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# बदलते जमाने के रंग और बदलती होली



होली ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। ₹आओ राधे खेलें फाग, होली आई₹ के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ₹हैप्पी होली₹ के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण ₹होली मुबारक₹ ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।



- प्रियंका सौरभ

> होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरूआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब खत्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरूआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब खत्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंतता कहाँ चली गई?

आज, होली महज एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को खत्म कर रही है।

एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह में लोग होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और फगुआ गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस खुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## ट्वीट

ऐतिहासिक विजय...चैंपियंस का अभिनंदन! देश वासियों को हार्दिक बधाई! चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर विजय के रंगों से त्योहारों की बेला को और अधिक रंगमय, उल्लासमय बनाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हर खिलाड़ी पर देश को गर्व है। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

देश की पहली महिला शिक्षिका और सामाजिक कुरूतियों से लड़कर आधी आबादी के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

# पुरानी वर्जनाओं को तोड़ने का माध्यम है विधवाओं की होली



मनोज शर्मा

**उल्लास-उमंग** और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा मे सराबोर दिखेगा। मथुरा-वृंदावन की होली तो वैसे भी जगत प्रसिद्ध है, मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द्र, सांस्कृतिक समरसता तथा सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है। योगी सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस क्रम में, वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर विधवाओं की होली-2025 के तौर पर एक यूनीक इवेंट का आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में प्रयास करेगी। ऐसे में, इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का माध्यम बनेगा बल्कि इतिहास व विश्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा।

### पुरानी वर्जनाओं को तोड़ने का माध्यम है विधवाओं की होली

विधवाओं की होली एक अनूठा सांस्कृतिक उत्सव है। परंपरागत रूप से, भारत में विधवाओं से होली जैसे त्योहारों सहित संसारिक सुखों को त्यागने की अपेक्षा की जाती थी, लेकिन भगवान कृष्ण के दिव्य प्रेम से जुड़े शहर वृंदावन में यह एक क्रांतिकारी बदलाव के तौर पर देखा जाता है। वृंदावन में विधवाओं की होली एक सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन है जो सदियों पुरानी वर्जनाओं को तोड़ता है। विधवाओं को मुख्यधारा के समारोहों में शामिल करने के प्रयास के रूप में शुरू किया गया यह त्योहार सशक्तिकरण और समावेशिता के एक प्रतिष्ठित आयोजन में बदल गया है। हर

**समाज**



साल, वृंदावन के विभिन्न आश्रमों से हजारों विधवाएं होली पर खुद को जीवंत रंगों, संगीत और भक्ति में सराबोर कर लेती हैं। इस आयोजन ने सामाजिक परिवर्तन, सम्मान व प्रसन्नता के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। ऐसे में, अब योगी सरकार ने इसे अब विश्व रिकॉर्ड से जोड़ने की तैयारी कर ली है।

### सामाजिक सद्भाव की दिशा

### सांस्कृतिक पुनरुत्थान व सामाजिक सद्भाव की दिशा में बनेगा मील का पत्थर

वर्ष 2025 में योगी सरकार ने सामाजिक कल्याण संगठनों के सहयोग से 2000 से अधिक विधवाओं के साथ सबसे बड़े होली समारोह का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करने जा रही है जो सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सामाजिक सद्भाव में एक मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग वृंदावन में भव्य ह्लविधवाओं की होली-2025ह्ल कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश की समावेशिता व सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित किया जाएगा।

### पारंपरिक लोक गायन, लोक नृत्य व भक्ति गीतों की होगी प्रस्तुति

योजना के अनुसार, इस समारोह में पारंपरिक लोक गायन, लोक नृत्य, भक्ति गीत जैसी प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजन में ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल होगा तथा इसमें अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया तथा भक्तों की भागीदारी होगी। इस आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए एक विशिष्ट टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा जिससे उन्हें विभिन्न पहलुओं की विवेचना समेत प्रमाणन प्रक्रिया को पूरा करने में भी आसानी होगी।

# क्लासिक फिल्मों में होली गीतों की रंगत



रानी राज

क्लासिक फिल्मों के होली गीत आज भी इस पर्व के मौके पर गूंजते हैं। लेकिन आजकल फिल्मों में होली गीतों को आइटम के तौर पर नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में वे श्रोताओं पर प्रभाव नहीं छोड़ पाते। सीक्वेंस की तरह गाने होते हैं व प्रस्तुति कमजोर। पहले फिल्मांकन के दौरान फिल्मकार के जेहन में लोकप्रियता का एंगल रहता था।

हिंदी फिल्मों का एक दौर ऐसा भी था, जब कई फिल्मों में सिचुएशन बेस्ड होली के गानों को प्रमुखता से स्थान दिया जाता था। निमार्ता-निर्देशक ऐसे गानों को भी एक आइटम के तौर पर इस्तेमाल करते थे। महबूब खान की ह्यआनह्ल से लेकर रमेश सिप्पी की ह्यशोलेह्ल तक ऐसी कई फिल्मों के उदाहरण हैं। आज ऐसे मिसालें कम ही देखने-सुनने को मिलती हैं। संयोग से ऐसी कोई फिल्म आ भी जाती है, तो उसके होली गानों की न कोई चर्चा होती है, और न ही वह ज्यादा बजते हैं।

**अप्रभावी बने नए उदाहरण**

पिछले दो साल के दौरान प्रदर्शित कुछ फिल्मों की बात करें, औरों में कहां दम था, वेदा, आजाद, नेटफ्लिक्स की महाराज जैसी कई नई फिल्मों में होली गीतों का फिल्मांकन किया गया। इनके फिल्मांकन में काफी पैसा भी खर्च किया गया, मगर कमजोर प्रस्तुति और गीतों के चलते ये गाने प्रभावित नहीं कर पाए। वैसे ह्यऔरों में कहा दम था ह्ल में होली के दृश्यों को निर्देशक नीरज पांडे ने फिल्मी जोड़ी अजय देवगन-तब्बू पर कोई डांस सीक्वेंस न फिल्माकर उन्हें महज एक मोंटाज में होली खेलते हुए दिखाया था। बस, इस दौरान पार्श्व में सिर्फ एक गीत बजता रहा है। आलोचकों का मानना है कि अब पहले की तरह होली गीत किसी आइटम की तरह नहीं आते हैं। महज एक सीक्वेंस की तरह इनका इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए श्रोताओं-दर्शकों पर इनका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। न ही इन फिल्मों के होली गीत बजते हुए सुनाई पड़ते हैं। कुछ माह पहले रिलीज जॉन अब्राहम की फिल्म ह्यवेदा ह्ल का होली गीत ह्यहोलियानाह्ल को बजते हुए नहीं सुना गया।

**याद आती हैं ओल्ड क्लासिक फिल्में**

आन, मदर इंडिया, कोहिनूर, दो दिल, नवरंग, फागुन, उपकार, जख्मी, कटी पतंग, नमक हराम, शोले, सिलसिला, बागबान, नदिया के पार, वक्त आदि ऐसी कुछ ओल्ड क्लासिक फिल्मों के होली गीत हैं, जिनकी गूंज आज भी होली से जुड़े सभा-समारोहों में होती रहती है जाहिर है इनके साथ छोटी-बड़ी दिलचस्प घटनाएं भी स्वाभाविक तौर पर जुड़ जाती थीं। अब जैसे कि फिल्म आन के एक फिल्मी गीत ह्यखेलो रंग हमारे संगह्ल के कम्पोजीशन में आठ दिन लगे थे। क्योंकि फिल्म निर्देशक महबूब खान इसकी सुर रचना में भरपूर मस्ती चाहते थे। संगीतकार नौशाद और गीतकार शकील बदायूंनी ने धैर्यपूर्वक उनका मनमुताबिक गाना बनाया। फिल्मांकन में 10 दिनों का वक्त लगा था। इसी तरह कालजयी फिल्म ह्यमदर इंडियाह्ल के होली गीत ह्यहोली आई रे कन्हाईङ्घह्ल के फिल्मांकन में महबूब खान ने बीस दिन का समय लिया था। गानों के फिल्मांकन के दौरान ही फिल्मकार इनकी लोकप्रियता को अच्छी तरह पकड़ने की कोशिश करते थे। जैसे कि हृषिकेश मुखर्जी की फिल्म ह्यदो दिलह्ल के एक गाने की धुन ह्यबमङ्घबम भोलेङ्घ ह्ल तो तीन दिन में ही कैफी आजमी और हेमंत कुमार ने तैयार कर दी थी, मगर इसकी शूटिंग पूरे सात दिन चली थी। इन फिल्मों के होली गीत आज भी सजग सिने रसिकों के जेहन में मौजूद हैं। इसके बाद के वर्षों में आई कुछ फिल्मों सिलसिला, बागबान, ये जवानी है दीवानी, नदिया के पार जैसी फिल्मों के होली गीत आज भी होली पर खूब बजते हैं जैसे जोगी जी धीरेङ्घधीरे, बलम पिचकारी, रंग बरसेङ्घ, होली खेले रघुवीराङ्घ आदि।

**नए सितारों की बेरुखी**

नए दौर के अभिनेताओं में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, विकी कौशल, कार्तिक आर्यन जैसे कुछेक हीरो ही होली गीत में रुचि दिखाते हैं। जहां तक रणबीर कपूर का सवाल है, ह्यये जवानी है दीवानी ह्ल के गाने ह्यबलम पिचकारी ह्ल की शूटिंग में उनका विशेष योगदान था। अमिताभ बच्चन ने ऐसे गीतों के फिल्मांकन में बिल्कुल जीवंत रंग दिया था। यश चोपड़ा की ह्यसिलसिलाह्ल में संजीव कुमार और रेखा के साथ उनकी शानदार प्रस्तुति आज कई यादें ताजा कर देती है। ह्यशोलेह्ल के घर-घर बजने वाले गाने ह्यहोली के दिनङ्घह्ल की शूटिंग निर्देशक रमेश सिप्पी ने सात दिनों तक की थी।

**बजट की बात बेमानी**

जब भी गाने पूरी संजीदगी के साथ आते हैं, उनके पीछे निमार्ता की दरियादिली खुलकर सामने आती है। वह चाहे छोटा हो या बड़ा, वह ऐसे गानों की शूटिंग का बजट काफी ज्यादा रखता है। जहां तक बड़े निमार्ता का सवाल है, सिर्फ सिप्पी ही नहीं, यश चोपड़ा, संजय लीला भंसाली, करण जौहर, बीआर चोपड़ा आदि बजट को ऐसी फिल्मों की बड़ी बाधा नहीं मानते हैं आज यदि हिंदी फिल्मों में होली गीत न के बराबर आ रहे हैं, तो इसके लिए हमारी निजी जीवन में आया बदलाव भी है। देश के विभिन्न प्रांतों में होली अपने पुराने अंदाज में मनाई जा रही है, पर बॉलीवुड अपने अंदाज में ऐसे दृश्यों को अपने तरीके से रखना चाहता है, जो आम दर्शकों को पसंद नहीं आते।

**होली**



# फर्जी नम्बर प्लेट लगा स्विफ्ट वाहन जप्त, एक गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र के झुमरा बाजार से गुरुवार को सफेद रंग की स्विफ्ट डीजायर वाहन पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाने के .मामले मे वाहन सहित एक ब्यक्ति को दारु थाना पुलिस ने पकड़ा। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस. को चौकाने वाली जानकारी मिली। इस मामले की जानकारी तब हुई जब अमृतनगर हजारीबाग निवासी भाजपा नेता दिनेश प्रसाद के बैंक मे कार्यरत बेटे सुमित कुमार किसी काम से झुमरा बाजार आये थे। झुमरा बाजार मे उन्होंने सफेद रंग की स्विफ्ट कार की नम्बर को गौर से देखा तो पाया की इस गाडी मे वही नम्बर प्लेट लगा है जो कि उनके घर के गैराज मे खड़े उनकी अपनी अपनी कार मे लगा है। इसे देखकर अचानक उन्हे लगा कि शायद उनकी गाडी की चोरी कर ली गयी है, आनन फानन मे उन्होंने स्वजनो के माध्यम से दारु थाना पुलिस को इसकी सूचना दी । इस दौरान उनके परिजनों ने बताया की उनकी अपनी गाडी घर के गैराज मे सही सलामत खड़ी है और वाहन की चोरी नही हुई है। इस दौरान थाना प्रभारी शफीक खान दलबल के साथ झुमरा पहुंचकर वाहन को जप्त कर लिया। वाहन को दारु बासोबार निवासी दीपक यादव पिता बिमल यादव चला रहा था जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। दीपक ने पुलिस को बताया कि यह गाडी भटभीघा निवासी संजय कुशवाहा कि है और जिस सुमित कुमार के वाहन का नम्बर उसकी गाडी मे लगा है ये दोनो आपस मे चचेरे जीजा साला लगते है। पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही संजय को भी हिरासत मे ले लिया। पुलिस को संजय ने बताया कि वह धनबाद मे रहता है और होली का त्योहार मनाने अपने घर बासोबार दारु आया था उसकी गाडी का किस्त बकाया होने के कारण उसने अपने चचेरे जीजा के वाहन का नम्बर प्लेट लगा दिया। इस मामले मे सुमित के आवेदन के आधार पर वाहन चालक दिव्यांग युवक दीपक कुमार को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया जबकि संजय को पूछताछ के लिए थाना मे ही बैठाकर रखा था। इस बारे मे भाजपा नेता दिनेश प्रसाद ने कहा कि उनके बेटे का वाहन नम्बर को दूसरी गाडी मे लगाकर घूमना समझ से परे है ऐसा करने वाले का क्या मकसद है इसकी तह तक जाना बहुत जरूरी है, हो सकता है उस वाहन से पूर्व मे कोई अन्य अपराध भी किया गया होगा। पुलिस से उन्होंने इस मामले की तह तक जाने का आग्रह किया है।

**रिवर साइड शास्त्री पार्क में चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संपन्न**

# कथा वाचकों ने अपनी अमृत वाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को भिगोया

खबर मन्त्र संवाददाता





धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में जुटे आयोजन समिति के लोग व रात्रि में कथा वाचन सुनने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रिवर साइड स्थित शास्त्री पार्क दुर्गा मंडप प्रांगण में 8 मार्च से चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण के साथ गुरूवार को समापन हो गया। इसके पूर्व बुधवार की रात्रि कथा वाचन सुनने के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूष और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी।

इस दौरान श्रीधाम वृन्दावन के कथा प्रवक्ता कुंज बिहारी शुक्ल जी महाराज के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के अलौकिक और अद्भुत लीलाओं का आनंदमयी वर्णन किया जाएगा। कथा वाचन के दौरान आचार्य पंडित कुंज बिहारी शुक्ल सहित आचार्य पंकज मिश्र, सत्यप्रकाश, मुकेश, अश्विनी शुक्ला ने भी अपनी अमृत वाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को भिगोये रखा। साथ ही ऊं गणेशाम नमः, ऊं नमः शिवाय, जय श्री राम, जय हनुमान, राधे-राधे सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र रातभर गूंजता रहा। बताते चलें कि कथा ज्ञान यज्ञ के अवसर पर 8 मार्च से लगातार पांच दिनों तक संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीधाम वृन्दावन के कथा प्रवक्ता कुंज बिहारी शुक्ल ने श्रद्धालुओं को अपनी कथा वाचन से मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर आयोजन समिति के शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंकू झा ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है।

साथ श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का भी आगमन होता है। आगे भी क्षेत्र की खुशहाली के लिए समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान कराते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंकू झा, जितेंद्र सिंह, धनु पंडित, मिथलेश दुबे, रविंदर सिंह, ललन विश्वकर्मा, प्रभु दयाल सिंह, धनराज ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के करसो पुल के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रही एक चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक -युक्ति को टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायलों की पहचान बबलू सिंह के 21 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार ग्राम बजौरा थाना डोभी और पप्पू सिंह की 16 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी गया बिहार के रूप में हुई। दोनों घायल रांची से अपने घर डोभी जा रहे थे।

**होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर**

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडू।** होली महापर्व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर होली के पूर्व संध्या कुजू व मांडू पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान फ्लैग कुजू ओपी से निकलकर क्षेत्र के कुजू चौक, मुरपा, आजाद बस्ती, केबीगेट, ओरला, तोपा, सांडी, दिगवार, आरा, बोंगावार, करमा, रतवे के अलावे मांडू पुलिस मांडूचट्टी, मांडूडीह, मांडूबस्ती, बाजार टांड़, गरगाली, हुआग, बलसगरा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया।

मौके पर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान ने लोगों से शांति व सौहाद्रपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की।

**वर्ल्ड ग्लूकोमा सप्ताह के तहत आइरिस आई हॉस्पिटल द्वारा निकाली गई**

# जागरूकता रैली में लोगों को किया गया सचेत

खबर मन्त्र संवाददाता




आंखों की सुरक्षा संदेश की तख्तियां लेकर जागरूक करते

**रामगढ़।** वर्ल्ड ग्लूकोमा सप्ताह के तहत आइरिस आई हॉस्पिटल, रामगढ़ के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में आइरिस आई हॉस्पिटल के नेत्र चिकित्सक, प्रबंधक तथा स्वास्थ्यकर्मी अपने अपने हाथों में आंखों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी लिखीं तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। जागरूकता रैली अस्पताल परिसर से पैदल चलकर नई सराय चौक, थाना चौक होते हुए रामगढ़ सुभाष चौक पहुंचने के बाद वापस लौट गई।

इस दौरान लोगों को ग्लूकोमा से बचाव, आंखों की सुरक्षा के संबंध में जानकारियां दी गई। आइरिस आई हॉस्पिटल के नेत्र चिकित्सक डॉ अंशुकिता तथा प्रबंधक रजत सिन्हा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे संसार में 9 मार्च से लेकर 15 मार्च तक वर्ल्ड ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत काला मोतियाबिंद से आंखों की सुरक्षा संबंधी जानकारी रैली, नुक्कड़ नाटक, प्रचार, पोस्टर, पंपलेट आदि के माध्यम से लोगों को जानकारी देते हुए इससे बचने के उपायों को बताने तथा जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

बताया गया कि ग्लूकोमा के कारण आंखों की रोशनी जा सकती है। आंखों की नियमित जांच से इसके होने वाले असर को सावधानी से धीमा और बचाव किया जा सकता है। आइरिस आई हॉस्पिटल रामगढ़ द्वारा इस प्रकार का जागरूकता रैली निकाले जाने की आमलोगों ने तारीफ करते हुए कहा कि यह अपने आप में एक अनूठा पहल है। रैली में डाक्टर अंशुकिता, अस्पताल प्रबंधक रजत सिन्हा सहित टीम में अनिकेत राज, विशाल कुमार, रोहित परासर, प्रियंका कुमार, डॉली सरोला,मनीष मिंज आदि शामिल थे।

## केंद्रीय सरहुल समिति ने आदिवासी बैठक का किया आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली पर्व को लेकर आदिवासी कार्यालय भुरकुण्डा में गुरूवार को केंद्रीय सरहुल समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर फगुवा की बधाई दी। इसके बाद बैठक का आयोजन कर सरहुल पूजा की तैयारी पर चर्चा की गई। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, सचिव शशि करमाली, राजन करमाली, विक्रम करमाली, लखन राम मुंडा, झरी मुंडा, छोटा राजन, विक्की करमाली, राजकुमार गौंड़, अरविंद करमाली, देवशरण मुंडा, राजा मुंडा, रामदास बेदिया, पृथ्वीराज करमाली, उमेश मुंडा, दिनेश मुंडा, दीपक बेदिया, छद्दू बेदिया आदि मौजूद थें।

# होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

### शिक्षकों ने खेली होली, पर्व की दी बधाई, लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता



समारोह में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में गुरूवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस त्योहार की संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते रंगों की तरह जीवन में भी सकारात्मकता और खुशियों के प्रसार का संदेश दिया। प्राचार्य श्री कुमार ने सभी को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही होली के पारंपरिक गीतों पर झूमकर इस आयोजन कोयादगार बना दिया। विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही हास्य कविताओं और नाट्य प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को मिठाइयां और उपहार भेंट किए गए।

## सनराइज एकेडमी में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित सनराइज एकेडमी में गुरूवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा नायक, अंजली लहेरी और पल्लवी सिन्हा के साथ जमकर होली खेली। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रंगों का पर्व होली की बधाई दी गई। मौके पर शिक्षिका नेहा नायक, अंजली लहेरी और पल्लवी सिन्हा ने कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश लेकर आता है। उन्होंने छात्राओं से शांति पूर्वक माहौल में होली खेलने की अपील करते हुए पानी बर्बाद न करने का भी संदेश दिया। वहीं शिक्षक रजनीश प्रसाद ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में ही होली खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार उमंग के साथ लोगों में नये उर्जा का संचार भरने का कार्य करता है। मौके पर कमलेश मेहता, अजीत पासवान, पुरूषोत्तम गोस्वामी, रितिका, संध्या, मुस्कान, पूजा कुमारी, रोशनी, शीतल, कोमल, नेहा कुमारी, प्रियंका, टिंकु, निरंजन चौहान, नीरज, हैदर, रेयान सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का होली मिलन समारोह

**कुजू।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता व संचालन पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो संजय सिंह एवं जिला के महामंत्री राजू चतुवेर्दी ने किया। इस दौरान जिले के सम्मानित पदाधिकारियों को महा मूर्खाधिराज की टॉपी पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बड़े ही सादगी पूर्ण वातारण में लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। समारोह को लेकर होली गायन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। मौके पर अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, रंजीत पांडेय, विजय जायसवाल, प्रो खिरोधर साहू, राजीव जायसवाल, राजेंद्र कुशवाहा, दिलीप सिंह,मनोज गिरी, रतन प्रसाद, अनमोल सिंह, योगेश दांगी, अरुण कुमार कुशवाहा, नीतू पाठक समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**आज न छोड़ेंगे बस हमजोली, खेलेंगे हम होली....**

# रोटरी रांची का होली धमाल सेलिब्रेशन, एक दूसरे को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



रात्रि में कथा वाचन सुनने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेलिब्रेशन परिसर में रोटरी रांची द्वारा रंगारंग होली महोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से पूरे माहौल को होलियाना बना दिया गया। सभी ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर एक-दूसरे को बधाई देते हुए जीवन में भाईचारगी के मूल्यों के साथ जीने का संदेश दिया। क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि होली समाज में सतरंगी समरसता का त्योहार है। जहां सभी लोग हिदू, मुस्लिम, सिख, इसाई मिलकर हिदुस्तान की साझी विरासत को आगे बढ़ाते हैं। होली ऐसा त्योहार है, जो वर्ग और जाति के भेद को भुला देता है। गिले-शिकवे भूलकर लोग एक-दूसरे को गले लगा लेते हैं। मन का मैल सदैव के लिए साफ हो जाता है। क्लब की सचिव ख्याति मुंजाल ने कहा कि होली खुशियों और रंगों का त्योहार है। हम सभी को मिलजुल कर हर त्योहार मनाना चाहिए। प्रत्येक त्योहार सामाजिक ताने-बाने को मजबूती प्रदान करता है। इससे पूर्व होली महोत्सव में दीपक श्रेष्ठ एवं उनकी टीम ने ह्यहोली के दिन दिन खिल जाते हैंह्ल... गीत के साथ महोत्सव की शुरूआत की। इसके बाद नीले पीले हरे गुलाबी रंग भरके मारो पिचकारी....आदि गीतों की प्रस्तुति पर लोग झूमते रहे। कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेस कपल का अवार्ड जसदीप-ऋचा, अजय एंड रचना जैन, बेस्ट ड्रेस (मेल) अंकुर सिंह, प्रवीण राजगढ़िया, बेस्ट ड्रेस (फीमेल) निशि जायसवाल एवं सुषमा साबू को मिला। मंच का संचालन पीडीजी अजॉय छाबड़ा ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। गीतों के अंतराल में मंच से कलाकारों द्वारा हंसी के गोलगप्पे परोसे गए। जिससे दर्शक लोटपोट होते रहे। बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें सभी ने डांस, कपल डांस, होली गीत, सरप्राइज गेम का आनंद लिया।

## विष्णुगढ़ थाना परिसर स्थित शिव मंदिर मेंनाग प्रतिष्ठा सह रुद्राभिषेक किया गया

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना परिसर स्थित शिवमंदिर में नाग प्रतिष्ठा सह रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आचार्य पुरेन्द्र एवं बंटी मिश्र ने पूरे विधि विधान से प्रतिष्ठा सह रुद्राभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न कराया, । सातमिल मोड़ निवासी प्रकाश कुमार साव अपनी धर्मपत्नी के संग यजमान के रूप में पूजा अर्चनाकी।आचार्य पुरेन्द्र ने कहा कि रुद्राभिषेक करने से समस्त कामनाओ की पूर्ति एवं आयु आरोग्य की प्राप्ति होती हैं।सुख शांति समृद्धि के लिए भी रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रियरंजन कुमार, जीवन सोनी,सन्तोष शर्मा, सुरेंद्र यादव, आशीष सिंह आदि बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## होली स्नेह मिलन कार्यक्रम धूमधाम और हर्षोल्लास संपन्न

**हजारीबाग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने होली का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा भारत त्योहारों का देश है। यहां पर भिन्न-भिन्न त्यौहार बनाए जाते हैं। होली का त्यौहार एक पवित्र त्यौहार है। परमपिता परमात्मा विश्व रचयिता विश्व नियंता के साथ रंग में रंगने का त्यौहार है। वह गुणो के सागर है। जो आत्मा उनके संपर्क में आती हैं। वह भी उनके समान रंग में रंग जाती हैं। होली उसी का यादगार है। पहले दिन होली को जलाते हैं इसका अर्थ यह है बीती को बीती करना अर्थात जो बात बीत गई उसे याद नहीं करना है। हमें अपने पुराने दुख देने और दुख देने के संस्कार, कमी कमजोरी के संस्कार, आसुरी विकारी संस्कार, को जला देना है। तभी हमारे ज्ञान योग से देवीगुण आत्मा में आएंगे और आत्मा पवित्र बन जाएगी होली में अग्नि पवित्र बनने की निशानी है। बुराई नष्ट होकर आत्मा पवित्र बन जाती है। दूसरे दिन हम रंगों की होली खेलते हैं। इस दुनिया का रंग तो हमें बदसूरत बना देते हैं। परंतु परमात्मा पिता के साथ का रंग हमें सुंदर देवी देवता जैसा बना देता है वह गुण है वह रंग है ज्ञान,शांति,प्रेम, पवित्रता, आनंद,मधुरता, नम्रता, आदि आदि। उसके बाद हम सभी से गले मिलते हैं तथा मुख मीठा कराते हैं यह मुख मीठा करना अर्थात दिलखुश मिठाई, खुशी की मिठाई, मीठे बोल की मिठाई खाना और खिलाना है। जिससे हमारा जीवन सदा सदा के लिए मीठा बन जाता है। जीवन में संतुष्ट भरपूता आ जाती है।

## एक दूसरे से द्वेश और आपसी मतभेद को भूलाकर मनाये होली : रोशन लाल

**बड़कागांव।** प्रखंड के गुरुचट्टी स्थित कुशवाहा धर्मशाला में भाजपा, आजसू एनडीए का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में उपस्थित सैकड़ो कार्यकताओं सहित ग्रामीणों ने एक दूसरे के साथ रंग अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के साथ ढोल मंजीरा और होली के पारंपरिक गीत संगीतों के साथ घूमते हुए दिखे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने उपस्थित सभी ग्रामीण और कार्यकताओं को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि होली एक आपसी भाईचारे का त्यौहार है हम सभी से आग्रह करते हैं कि पुराने द्वेष और आपसी मतभेद को बुलाकर एक दूसरे से गले से गले मिलकर रंगों के इस पर होली को मनाई। होली में लोग बुराइयों को जलाकर अच्छाइयों को अपनाते हैं इसीलिए होलिका दहन मनाया जाता है। हम लोग भी अपने अंदर के बुराई को जलाकर अच्छाई को अपना लें तभी हमारे घर और हमारे समाज का कल्याण हो सकता है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी,खेमलाल महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,आजसू केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक,आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, गिरेंद्र प्रसाद ,भाजपा महामंत्री नरसिंह प्रसाद,आजसू प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता,पप्पू मेहता, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, भाजपा नेता जय नारायण प्रसाद, प्रवीण कुमार,सुधांशु शेखर, सुरेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, राज मेहता, मेवालाल नाग, कामेश्वर महतो, रामपति राम, रिकी सिंह, राजकुमार राणा, सावंती देवी ,किशन राणा, सत्येंद्र गुप्ता, अवध किशोर कुमार,घनश्याम दांगी, दिनेश महतो, संजय महतो, महेंद्र विश्वकर्मा, अजीत कुमार, सहित सैकड़ो भाजपा आजसू एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाहा पर्व सरहुल पूजा का हुआ आयोजन लोगों ने सरना धर्म कोड का किया मांग

**हजारीबाग।** डुमरिया टांड में बाहा पर्व सरहुल प'नायके बाबा महादेव मांझी वा चिडू हेमब्रोम के द्वारा सरजोम साखूवा फूल और मतकोम महुआ फूल को ईस्ट देवता मरांग बुरु जाहेर आयो मोड़े को तुरु को पूजा की गई। बाहा पर्व (सरहुल पूजा ) के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि के रूप पहुचे मरांग बुरु सावता सुसर बैसी के सचिव सह पूर्व प्रमुख सिकेंदर हेमब्रोम ने उपस्थित लोंगो को सम्बोधित करते हुवे कहा की बाहा पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है, यह बाहा प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय का एक बहुत ही बड़ा त्यौहार है नये वर्ष के आने पर प्रकृति मे बदलाव आता है, पेड़ पौधे मे नये पत्ता फल फूल आते है, इसी नये पत्ता फल फूल को आदिवासी समुदाय के लोग इसे ईस्ट देवता मरांग बुरु को समर्पित करने के बाद ही इसे प्रसाद के रूप मे ग्रहण करते है। हेमब्रोम ने कहा की हम आदिवासी ही देश का मूलनिवासी है। लेकिन बहुत ही दुःख की बात है, प्रकृति की पूजा करने वाले प्रकृति पूजक आदिवासी को अलग धर्म कोड को अभी तक नहीं मीला है। जबकी हिन्दू मुस्लिम सिख इसई बौद्ध जैन को स्वतंत्र धार्मिक पहचान मिल चूका है हमें धार्मिक मान्यता यानी सरना धर्म कोड नहीं मीला तो हमलोगों को जबरन धर्म परिवर्तन कर हमारे लोग को अनेको धर्म मे बांटा जायगा और हमारा आस्तित्व ही समाप्त हो जायगी दुर्भाग्य इस बात की है 2011 की जनगणना कके आधार पर देश मे जैन धर्म मानने वाले मात्र 44लाख है जबकी सरना धर्म मानने वाले लगभग 50लाख है, इसके बावजूद हमें धार्मिक पहचान से हमें दरकिनार किया गया है, राज्य के मुख्यमंत्री को अड़े हाथो लेते हुवे बोले आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुवे भी आदिवासियों के साथ छल किया है जहाँ सरना धर्म कोड की मंग है वहाँ सरना धर्म /आदिवासी धर्म कोड बिना राज्य पल के हस्ताक्षर किये केंद्र को भेजा है और हमारे ईस्ट देवता मरांग बुरु को भी राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने 5जनवरी 2023को आदिवासी को दरकिनार कर जैनों के पछ मे केंद्र को पत्र लिखा है। ऐसे कार्य आदिवासियों के दुर्भाग्य पूर्ण है। मौके पर उपस्थित देबीराम हेमब्रोम खेमलाल सोरेन ने भी सभा को सम्बोधित किया जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा सनीचर, सोरेन बहराम मरांडी, नुनुचंद मिर्धा, श्यामलाल हेमब्रोम, समाज सेवी जीवाधान महतो आनंद महतो केदार महतो के साथ सेकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।


## यदुवंशी समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन

**बरही।** यादव धर्मशाला बरही में यदुवंशी समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। खास अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कमिटी के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत अबीर-गुलाल से किया। जहां छोटे बच्चों ने आशीर्वाद लिया, वहीं बड़ों ने गुलाल लगाकर विधायक को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि होली को शांति और सद्भावना के साथ मनाएं तथा नशा मुक्त उत्सव का संकल्प लें। इस दौरान विधायक मनोज यादव ने होली के पारंपरिक गीत गाकर माहौल में रंग भर दिया। उनके मधुर सुरों और उमंग भरे गीतों ने वहां मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही विधायक ने पारंपरिक होली गीत गाया, वैसे ही लोगों ने तबलों की ताल पर नृत्य करना शुरू कर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने गुलाल उड़ाकर और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेकर होली के रंग में सराबोर हो गए। मौके पर जीप उपाध्यक्ष सह यादव धर्मशाला अध्यक्ष किशुन यादव, अशोक यादव, युगल यादव, मनोहर यादव, कृष्णा यादव, बिनोद यादव, बालेश्वर यादव, राजू यादव, बिनोद यादव, अशोक यादव, राजकुमार यादव, सुभाष यादव, महादेव यादव, किशोर यादव, हरि यादव, शिवनन्दन यादव, प्रभु यादव समेत सैकड़ो यादव समाज के लोग मौजूद थे।

# होली को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

## असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

## पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल, शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** होली के त्यौहार को जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश के आलोक में गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा सभी समुदायों से शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए त्यौहार मनाने की अपील की गयी। वहीं एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस को सहयोग करें, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें, यदि सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर कोई अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीएसपी रतिभान सिंह ने कहा कि त्यौहार के दौरान असामाजिक तत्वों, मनचलों और हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, थाना प्रभारी विनय कुमार, अरविंद कुमार समेत सं बंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी व पुलिस टीम शामिल थी।

- **डीसी-एसपी ने संयुक्त निर्देश जारी कर दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को किया प्रतिनियुक्त**





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रंगों का त्यौहार होली को जिले में शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह ने संयुक्त निर्देश जारी कर जिले के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल के साथ दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है। दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि त्यौहार के दौरान किसी भी हाल में विधि व्यवस्था भंग नहीं हो, समाज में तनाव फैलाने वाले, शराबियों, हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें, यदि किसी स्थान पर शांति भंग होने की आशंका हो तो अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करते हुए अविलंब इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दें, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को अपन-अपने क्षेत्रों में कड़ी नजर रखने और विधि व्यवस्था बनाये रखने को कहा गया है।

### प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार : उपायुक्त

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ऐसे में हमसबों को शांति व्यवस्था बनाये रखते त्यौहार का आनन्द लेना चाहिए। घर पर अपने परिजनों के साथ त्यौहार मनाएं, प्रशासन को विधि व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें, त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नही दें, अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना दें।

## होली पर यात्रियों के लिए राहत कोडरमा होकर चलेंगी विशेष ट्रेनें

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कोडरमा होकर गुजरने वाली विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। इन गाड़ियों का संचालन गया, कोडरमा, पारसनाथ और नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्टेशनों के रास्ते किया जाएगा। होली के समय ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। इस समस्या को हल करने के लिए रेलवे ने ग्वालियर से पुरी और पुरी से ग्वालियर के बीच विशेष ट्रेनों का संचालन करने का फैसला किया है। ये ट्रेनें कोडरमा होते हुए चलेंगी, जिससे झारखंड और बिहार के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्वालियर से पुरी जाने वाली होली विशेष ट्रेन (01929) 14 मार्च से 28 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। वहीं पुरी से ग्वालियर लौटने वाली होली विशेष ट्रेन (01930) 15 मार्च से 29 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। यह विशेष ट्रेनें गया, कोडरमा, पारसनाथ और गोमो स्टेशन से होकर गुजरेंगी। कोडरमा के यात्रियों को अब ग्वालियर और पुरी जाने के लिए अतिरिक्त सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें लंबी वेटिंग लिस्ट और अन्य परेशानियों से राहत मिलेगी। वहीं धनबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक और जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि रेलवे यात्रियों की जरूरतों को देखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इससे त्योहार के मौके पर यात्रियों को बेवजह की परेशानियों से बचाया जा सकेगा और वे अपने परिजनों के साथ आसानी से होली का आनंद ले सकेंगे।

# बहला-फुसला कर शादी का प्रलोभन दे किया दुष्कर्म

- गर्भवती होने पर गर्भ में पल रहे बच्चे की हत्या करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने तथा गर्भ में पल रहे शिशु की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। दशारो पंचायत के ग्राम खेरौंन निवासी ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। दिये गये आवेदन में कहा है कि मेरे घर के सामने 22 वर्षीय मुकेश यादव पिता अर्जुन यादव जामू निवासी जो धान खरीद बिक्री का काम करता है, जो लगभग 3 महीने पहले अपना धान का गोदाम ग्राम दशहरो खुर्द ले आया। उक्त युवक हम लोगों की अनुपस्थिति में किसी न किसी बहाने हमारे घर आता-जाता था, हमारी लड़की से बातचीत करता था, धीरे-धीरे वह मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ आज से लगभग 7 महीने पूर्व बाजबरन दुष्कर्म किया। मेरी लड़की लोक लाज के कारण किसी से इसकी चर्चा नहीं की, उसके बाद हम लोगों की अनुपस्थिति में वह बराबर हमारे घर आता था और मेरी लड़की के साथ संबंध बनाता था, जिसकी जानकारी हम लोगों को नहीं थी। सामने गोदाम रहने तथा बराबर आना-जाना होने से किसी को संदेह नहीं हुआ। वहीं 10 मार्च को अचानक मेरी लड़की सुबह से घर से गायब हो गई, खोजबीन की गयी तो पता चला कि मुकेश यादव उसे बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। फिर पता चला कि वह उसको ग्राम तेतरोंन स्थित झारखंड क्लिनिक डॉ. आफताब अंसारी के पास ले गया, जहां भर्ती है, सूचना मिलने पर हमलोग वहां गए तो लड़की ने रोते हुए बताया कि मुकेश यादव जबरन उससे मिलता था, शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। जब मैं गर्भवती हो गई और उसको बताया तो मुझे बहला फुसला कर झारखंड क्लीनिक में लाया गया, जहां उक्त युवक के पिता अर्जुन यादव एवं माता पहले से मौजूद थीं।

वहीं आवेदन में आगे कहा गया है कि मुकेश यादव ने मेरी नाबालिग 17 वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर गर्भ में पल रहे बच्चे की हत्या करने का प्रयास किया, जहां उसके माता-पिता ने भी सहयोग किया, जब जानकारी होने पर हम उक्त युवक से मिले तब उसने और उसके पिता ने कहा कि गांव में फैसला कर लेंगे। गुरुवार को पुनः मुकेश यादव और उसके पिता से मिले तो उन लोगों ने हमें अपमानित कर भगा दिया। सुबह जब हम लगभग 11 बजे उक्त क्लिनिक अपनी नाबालिग बच्ची से मिलने पहुंचे तो हमने उसे वहां नहीं पाया। हमें आशंका है कि साक्ष्य छुपाने के लिए मेरी बच्ची के साथ उन लोगों के द्वारा कुछ बड़ी घटना को अंजाम देने का कार्य तो नहीं किया जा रहा हैं। वहीं आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा कांड संख्या 21/25 के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं अस्पताल के संचालक डॉ. आफताब अंसारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि नवजात का नौ माह पूरा हो चुका है ऑपरेशन के बाद जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। वहीं उन्होंने बताया मामला प्रेम प्रसंग का है आपसी ताल-मेल किया जा रहा है।

## शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद की 23 वर्षीय युवती ने अरविन्द कुमार राय पिता आदित्य राय परवतोडीह थाना देवरी जिला गिरिडीह निवासी पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए कोडरमा थाना कांड संख्या 42/25 के तहत मामला दर्ज कराया है।

दर्ज मामले में युवती ने कहा है कि वह और अरविंद दोनों झुमरीतिलैया के एक मॉल में काम करते हैं, साथ में काम करने के दौरान आरोपी युवक ने शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण कर रहा था, जुलाई 2024 में जब उससे शादी करने की बात कही तो वह मेरे साथ शादी का दिखावा करते हुए मांग में सिंदूर भर दिया और अपने घर परवतोडीह ले गया। वहां माता-पिता से डांट फटकार मिलने पर दो घण्टे के अंदर मुझे लेकर वापस लौट गया और करीब एक बजे रात्रि को लोकाई के समीप मुझे छोड़ कर भाग गया, बीते 28 फरवरी 2025 को पुनः मुझे रांची ले गया और मेरा यौन शोषण किया, 2 मार्च 2025 को होटल में मुझे छोड़ कर भाग गया। इसकी पूरी जानकारी लालपुर थाना रांची को दी, जिसके बाद पुलिस ने मेरे पिता को बुलाकर मुझे सुपुर्द कर दिया। इसके बाद मेरे पिता परवतोडीह आरोपी युवक के माता-पिता से मिले और पूरी जानकारी देते हुए शादी करवाने की बात कही, जिस पर आरोपी के माता-पिता ने शादी से इंकार करते हुए धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर एक नजर में

### होली को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया



**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को होली को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। बता दें की क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने सभी लोगों से अपील किया कि होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है, इसलिए आप सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें, अगर किसी के द्वारा भी भड़काऊभाषण फैलाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, अगर कोई भी व्यक्ति को भी किसी भी प्रकार का दिक्कत होता है तो थाना से संपर्क करें। होली रंगों का त्यौहार है और शांति का प्रतीक है। होली में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाएं। वहीं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर है। मौके पर एसआई टोपनो, परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी अरविंद हसदा, नरहरि सिंह मुंडा सहित कई पुलिस के पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

### शांति व्यवस्था को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**मरकच्चो (कोडरमा)।** होली त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड मुख्यालय, मरकच्चो बंधन चौक, बाजार मुहल्ला, ब्राह्मण टोला, बड़ा अखाड़ा, लालनगर, देवगढ़ मुहल्ला सहित अन्य इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो, इस बात का खास ख्याल रखा जाए। शांति भंग करने की कोशिश की जाएगी तो वैसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं फ्लैग मार्च में एसआई विशाल कुमार, एसआई गोबिंद सिंह, एएसआई मदन मोहन शर्मा, एएसआई बलिराम प्रसाद आदि समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे।

### अवैध लकड़ी लदा पिकअप वाहन जब्त



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बन्धन चौक से डोमचांच रेंजर रवींद्र कुमार ने गस्ती के दौरान बुधवार की देर शाम अवैध लकड़ी लदा पिकअप वाहन को जब्त किया। जांच के दौरान पिकअप वाहन में अवैध अकेशिया लकड़ी का बोटा लदा हुआ पाया गया। वन कर्मियों के मुताबिक जामु पंचायत के ग्राम हरलाडीह से लकड़ी लदा पिकअप वैन गुजर रही थी, इसी दौरान वन विभाग की टीम को देख तेज रफ्तार से वाहन को लेकर भाग रही थी। वन विभाग के गस्ती दल टीम के द्वारा रोके जाने पर नहीं रुकी। जिसका पीछा करने पर बन्धन चौक पर पिकअप वाहन चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार उक्त पिकअप वाहन मरकच्चो निवासी मुख्तार आलम का बताया जा रहा है।

## गांधी स्कूल की छात्रा को मिला इंस्पायर अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी उच्च विद्यालय में कक्षा नवम की छात्रा लक्ष्मी कुमारी को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रेरणा पुरस्कार (इंस्पायर अवार्ड) से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के तहत लक्ष्मी को दस हजार रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। लक्ष्मी ने इमरजेंसी निकास संकेतक (इमरजेंसी एग्जिट इंडिकेटर) बनाकर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचय दिया है। यह खोज आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने का मार्ग दिखाने में सहायक होगी। इस नवाचार से उसने यह साबित कर दिया कि युवा पीढ़ी के पास दूरदर्शिता और नवाचार की असीम संभावनाएं हैं, जो भारत के भविष्य को विकासशील से विकसित राष्ट्र में बदलने का हौसला रखती हैं। लक्ष्मी की इस सफलता में विज्ञान शिक्षिका चंद्रश्वेता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में लक्ष्मी ने अपनी वैज्ञानिक सोच को नया आयाम दिया। वहीं प्राचार्या निशा भारद्वाज ने लक्ष्मी और उनकी शिक्षिका को बधाई देते हुए कहा कि यदि शिक्षक सही दिशा दें, तो सरकारी विद्यालयों के छात्र भी असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार से सरकारी विद्यालयों को लेकर बनी भ्रांतियां दूर होंगी। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद दास, अरुण कुमार पाल, ज्योत्स्ना नीरज टोप्पो, अजय कुमार व शिव शंकर भगत ने कहा कि लक्ष्मी जैसी प्रतिभावान छात्रा ही देश का भविष्य उज्ज्वल बनायेगी।

### किंडर गार्टन स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित



**कोडरमा।** किंडर गार्टन स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कुली बच्चों व शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं स्कूल के प्राचार्य मुकेश पाण्डेय ने होली की महत्ता पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी प्रेम, सौहार्द तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, होली का त्यौहार हमें आपसी मनमुटाव को खत्म कर प्रेम और शांति के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। मौके पर संगीता कुमारी, किरण राणा, सुनील कुमार, पुरुषोत्तम लाल बर्णवाल, स्वाति कुमारी, जोहरा बानो, नन्दू मिस्त्री आदि मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहे होमगार्ड के जवान को कार ने लिया अपनी चपेट में

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधिमाटी चौक के समीप एक अनियंत्रित कार ने ड्यूटी पर जा रहे एक होमगार्ड के जवान को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें होमगार्ड का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में कार्यरत होमगार्ड का जवान बदडीहा निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार यादव पिता वकील यादव गुरुवार को कोडरमा से पुलिस लाइन चंदवारा अपने मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान तिलैया से कोडरमा की ओर जा रही कार जेएच12पी-6357 ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। वहीं कार चालक इतने पर भी नहीं रुका और कार को होमगार्ड जवान के पैरों पर चढ़ाते हुए कोडरमा की ओरा भागने लगा। इधर स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार को राजेंद्र चौक के समीप रोककर चालक को पकड़ लिया। वहीं घायल होमगार्ड के जवान को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर कार चालक और कार को कब्जे में ले लिया। बताते चलें कि कार चालक पूरी तरह से शराब के नशे में धुत्त था। इस घटना से पूर्व उसके कोडरमा बाजार में कई लोग उसकी चपेट में आने से भी बाल-बाल बच गए।

## अनियंत्रित होकर बाईक 10 फीट नीचे खेत में गिरी, दो गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरनानगर-नवलशाही मार्ग स्थित पंच बहनी के समीप एक मोटरसाईकिल पर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर मोटरसाईकिल समेत 10 फीट नीचे खेत में गिर गयी। जिससे मोटरसाईकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 16 वर्षीय अभिषेक राणा पिता किशन राणा एवं 17 वर्षीय बॉबी दास 17 वर्ष पिता धनेश्वर दास दोनों पुरनानगर निवासी के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक गुरुवार दोपहर अपनी मोटर साईकिल जेएच12-1349 से नवलशाही चौक की ओर जा रहे थे। वहीं मोटरसाईकिल तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गया और दोनों युवक सड़क किनारे खेत में गिर गए। वहीं राहगीरों के द्वारा दोनों युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां दोनों युवक की हालत गंभीर बनी हुई हैं।

# भक्त प्रहलाद चौक पर उमड़ी आस्था, होलिका दहन स्थल पर सजी रंगोली

- **श्रद्धालुओं ने रंगोली संग खिंचवाई तस्वीरें, इंटरनेट मीडिया पर किया साझा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के स्टेशन रोड स्थित भक्त प्रहलाद चौक पर होलिका दहन स्थल पर सजी रंगोली श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर रंगोली के पास रुककर तस्वीरें लेते दिखे और इसे इंटरनेट मीडिया पर साझा कर रहे थे। इधर होलिका दहन स्थल पर राजस्थानी समाज की महिलाओं ने सुबह से ही सुखी होली की परिक्रमा की और धागा बांध कर सुख समृद्धि की कामना की। परिक्रमा में मुख्य रूप से मीना सुल्तानिया, पल्लवी सुल्तानिया, रेनू संघई, स्वीटी संघई, मंजू संघई, रूही संघई, संगीता शर्मा, अंजना केडिया, कंचल अग्रवाल सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित हुईं। वहीं संकट मोचन हनुमान मंदिर अड्डी बंगला के पुजारी रामप्रवेश पांडेय ने बताया कि परंपरा के अनुसार, होलिका दहन से पूर्व राजस्थानी समाज की महिलाएं परिक्रमा करने पहुंचीं। शहर के 28 वार्डों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त यहां पहुंचे।

### रात 11:15 बजे हुआ पावन होलिका दहन

निश्चित शुभ मुहूर्त के अनुसार, गुरुवार रात 11:15 बजे विधिपूर्वक होलिका दहन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अग्नि प्रज्वलित कर बुराइयों के अंत और सद्भावना के संदेश के साथ आहुति दी। वहीं होलिका दहन समिति के बिनोद कसेरा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें 101 किलो शुद्ध घी से बना सूजी का हलवा श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। वहीं महिला सदस्य सुषमा सोनकर रंगोली बनाते सुबह से ही सक्रिय रहीं। इस आयोजन में विशाल सिंह, नितेश चरण पहाड़ी, विनीत चरण पहाड़ी, मोहन भदानी, सोहन भदानी, मनीष पहाड़ी, गिरधारी सोनकर, कमल सोनकर, सूरज कसेरा, बिनोद कसेरा, जोशी कुमार, डिंपल सोनकर, गुरमीत सिंह सलूजा, ज्ञान कप्सिमे, अमित सोनकर, शैलेश जैन, विजय केशरी, अभिषेक जैन, राहुल श्रीवास्तव, शशांक सोनकर, नीलेश कुमार, विजय बजाज, विक्की भदानी सहित कई श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए।

### धर्म और संस्कृति की अनुपम छटा

होलिका दहन के इस अवसर पर शहरभर के श्रद्धालु एकत्र हुए और आस्था का भव्य नजारा देखने को मिला। रंगोली, प्रसाद वितरण और धार्मिक अनुष्ठान से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# होली को लेकर चतरा उत्पाद विभाग की सख्ती, अवैध शराब के खिलाफ सघन छापामारी

- **सात अवैध शराब भट्ठियों को किया गया नष्ट**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** होली पर्व को देखते हुए चतरा जिला प्रशासन ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को सघन छापामारी अभियान चलाया। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर 12 मार्च 2025 को जिला उत्पाद विभाग की टीम ने पितिज, अंबातरी, मयूरहंड और सोकी क्षेत्रों में छापामारी कर अवैध महुआ शराब के कारोबारियों पर कार्रवाई की। छापामारी में 120 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब, 800 किलो जावा महुआ, शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण और सात अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया। जिला उत्पाद अधीक्षक ने जानकारी दी कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री में लिप्त आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि होली को लेकर जिले में विशेष निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। जिला प्रशासन ने जनता से भी अवैध शराब की सूचना देने और सामाजिक शांति बनाए रखने की अपील की है।

## स्पीड न्यूज

### रायडीह : सड़क निर्माण कार्य घटिया देखकर ग्रामीणों ने रोका काम



रायडीह। रायडीह प्रखंड के शंख मोड़ मांझाटोली स्थित कार्तिक उरांव चौक के पास बुधवार की रात्रि सडक निर्माण का कार्य संवेदक के द्वारा घटिया कराये जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों ने कहा की उक्त स्थल पर पानी जमा होने की समस्या है। जिसे बिना ठीक किए बिना सडक निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने कहा की सडक निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूर्ण अभाव है। ग्रामीणों के द्वारा जब कार्य कराये गए सडक की मापी की गई तो उसकी मोटाई 35 एम एम निकली जबकि विभाग का कर्मचारियों के द्वारा जानकारी दी गई थी कि पहला लेयर का मोटाई 50 एम एम होनी है। इस दौरान उपस्थित मुखिया चुंया कुजूर ने कहा कि यहां जो कार्य किया जा रहा है वो पूरी तरह गलत किया जा रहा है और जब विभाग के लोग से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कार्य सही ढंग से हो रहा है। अगर आपको गलत लगता है तो रोड को माप के देख सकते हैं। विभाग के इस रवैए से जनता काफी नाराज हुई और रोड को ग्रामीणों के द्वारा मापा गया तो कम पाया गया। तो स्थानीय मुखिया चुयां कुजूर ने विभाग और उपायुक्त से जांच कराने की मांग की है। उपप्रमुख दीपक कुजूर ने कहा कि काम बहुत ही गलत ढंग से किया जा रहा है। जब असिस्टेंट इंजीनियर से बात की गई तो उनका रैवैया सही नहीं था। विभाग इसकी जांच करें। जब विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर सुधीर कुमार तिर्की से अपना पक्ष पूछा गया तो उन्होंने कहा कि काम सही ढंग से काम हो रहा है और मैं खुद 10 बजे सुबह से 10 बजे रात तक काम करवा रहा हूं। अगर कोई शक है तो आप माप के देख सकते है।

### होली व रमजान पर चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की छापामारी



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के नेतृत्व में महुआ शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू सिंह के निर्देश पर की गई। जिसका उद्देश्य होली और रमजान के दौरान क्षेत्र में शांति बनाए रखना था। चैनपुर थाने की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें पीपल चौक, बाजार रोड और आनंदपुर शामिल थे। जैसे ही पुलिस ने छापेमारी की शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई विक्रेता अपने घरों में ताला लगाकर भागने लगे। इस दौरान कुछ विक्रेताओं ने घर में शादी का बहाना बनाकर बड़ी मात्रा में शराब छिपा रखी थी। छापामारी दल में थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के अलावा एएसआई नन्दकिशोर कुमार, धर्मपाल संतोष लुगुन और अन्य जवान शामिल थे। टीम ने मौके पर ही जब्त की गई शराब को नष्ट कर दिया। जिससे क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को रोकने में मदद मिली। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और इसे क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे ताकि समाज में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

### लोहरदगा : एमबी डीएवी विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी अश्विन पत्रों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से होली भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह रंगों और भाईचारे का पर्व माना जाता है। होली का सबसे खास पहलू यह है कि यह जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी को एक साथ लाने का काम करता है। बुराई पर अच्छाई की जीत अधर्म पर धर्म की जीत के इस पर्व की सुंदरता तथा महत्व से आने वाली पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में नन्हे बच्चों द्वारा होली पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने होली से संबंधित तरह-तरह की चित्रकला का प्रदर्शन किया। होली के रंगो भरे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य के साथ-साथ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के साथ होली का त्यौहार जोर शोर से मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने होली से संबंधित प्रथाओं व खुशियों को समझते हुए आनंदपूर्वक उत्सव मनाया।

# खूंटी ने लोहरदगा को हराकर लीजेंड कप के खिताब पर जमाया कब्जा

### अंतर जिला द लीजेंड कप नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-टू का हुआ संपन्न





खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। शहर के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला द्वारा आयोजित अंतर जिला द लीजेंड कप नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-टू पर खूंटी जिला ने कब्जा जमाया। खूंटी जिला की एएम सेल्स की टीम ने लोहरदगा जिला की प्रिंस लोहरदगा को पराजित किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभु कुमार सिंह, अंकित बजाज व होटल सभेकर के मालिक राधामोहन साहू और सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार थे। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। टॉस जीतकर खूंटी की टीम आठ ओवर में 94 रन बनाया। जिसमें सहाय ने सात बॉल में विस्फोटक 24 रन बनाये। बल्लू ने 37 व अनीश ने 22 रन बनाये। जबकि लोहरदगा की ओर से दानिश ने दो व विकास ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा जिला की टीम 81 रन ही बना सकी। जोफ्रा ने सर्वाधिक 38 व कृष्णा ने 23 व सनीमा ने 14 रन बनाये। खूंटी की ओर से बल्लू ने दो ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये। ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए खूंटी के बल्लू को मैन ऑफ द मैच दिया गया। जबकि लोहरदगा के जोफ्रा को मैन ऑफ दी सीरीज का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम खूंटी को अंकित बजाज व होटल सभेकर के मालिक राधामोहन साहू व अंकित कुमार साहू ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि उपविजेता लोहरदगा को कंगना इंटरप्राइजेज के मालिक शिशिर गुप्ता, अमित स्टील के मालिक सुमित चीनू साबू, परिवहन विभाग के त्रिभुवन निराला ने सम्मानित किया। विजेता टीम को 80 हजार रुपये व उपविजेता टीम को 40 हजार रुपये नकद इनाम व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कोर मनीष कुमार व अभय कुमार थे। जबकि अंपायर आकाश पुरी व विशाल कोहली थे। मंच संचालन दुर्जय पासवान ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भोला चौधरी, सचिव बबलू वर्मा, संयोजक रोहित उरांव, कुंदन सिंह, मुकेश सोनी आदि उपस्थित थे।

#### आप युवाओं से समाज को उम्मीदें : कर्ण सत्यार्थी

गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा है कि अभी होली का पर्व है। आप सभी लोग होली पर्व आपसी प्रेम व भाईचारगी के साथ मनाये। किसी भी प्रकार की बुरी आदतों से दूर रहें। आप युवाओं से समाज को काफी उम्मीदें हैं। नशापान से दूरी बनाकर घर परिवार व दोस्तों के साथ होली की खुशियां मनाये। साथ ही यातायात नियमों का पानन करते हुए जब भी घर से निकले, हेलमेट जरूर पहनें।

#### युवा वर्ग नशापान से दूर रहें : एसपी शंभू कुमार सिंह

गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने कहा है कि क्रिकेट खेल के माध्यम से जिस प्रकार नशामुक्ति के खिलाफ अभियान छेड़ा गया है। यह प्रशंसनीय है। युवाओं से अपील है कि वे नशापान से दूर रहें। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। क्योंकि सड़क सुरक्षा के नियम का पालन नहीं करने के कारण आये दिन हादसे होते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि साइबर क्राइम के प्रति जागरूक बनें।

#### गुमला ने इतिहास रच दिया : राधामोहन साहू

अंकित बजाज शोरूम, होटल सभेकर व आंगोर सभेकर के मालिक राधामोहन साहू ने कहा है कि नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता ने गुमला जिले में इतिहास रच दिया है। जिस प्रकार रात्रि मैच का आयोजन कर मॉर्निंग क्रिकेट क्लब ने पांच जिला की टीमों को गुमला में आमंत्रित किया है। यह काबिले तारिफ है। गुमला में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए मेरी तरफ से जितना संभव होगा। मैं मदद करूंगा।

## लोहरदगा में होली पर सुरक्षा चाक चौबंद : पुलिस ने किया मॉक ड्रिल





खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। होली के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने व्यापक रणनीति तैयार की है। इसी क्रम में बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण और उपद्रवी स्थितियों से निपटने के प्रभावी तरीके सिखाए गए। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस बल को दो भागों में विभाजित किया गया–एक दल को आम जनता और संभावित उपद्रवी भीड़ के रूप में तैयार किया गया, जबकि दूसरा दल सुरक्षा बल की भूमिका में था। इस अभ्यास में काल्पनिक उपद्रव की स्थिति तैयार की गई, जिसमें पथराव, भगदड़ और उग्र भीड़ के हंगामे का परिदृश्य प्रस्तुत किया गया। सुरक्षा बल ने लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और भीड़ को तितर-बितर करने की अन्य तकनीकों का अभ्यास किया। पुलिसकर्मियों को संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की बारीकियां सिखाई गईं। एसपी हरीश बिन के निर्देशानुसार आयोजित इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की ने किया। डीएसपी समीर तिर्की ने बताया कि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है।

## समय के साथ देश की महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ी हैं आगे : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

### चैनपुर के बरवे मैदान में धूमधाम के साथ मनाया गया महिला दिवस समारोह



कार्यक्रम में मंत्री का स्वागत करती जिप सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर के बरवे मैदान में गुरुवार को धूमधाम के साथ महिला दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए। जिप सदस्य मेरी लकड़ा की अगुवाई में शिल्पी नेहा तिर्की व बंधु तिर्की का महिलाओं ने अल्बर्टा एक्का चौक पर स्वागत किया। मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, विशिष्ट अतिथि बंधु तिर्की, एसडीएम पूर्णिमा कुमारी एसडीपीओ ललित मीणा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पा नेहा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण यह कोई नई चीज नहीं है। हमारे भारत देश में इसकी शुरूआत आजादी के तुरंत बाद ही हो गया था। जिस समय बहुत देशों में महिलाओं को मतदान का अधिकार नहीं था। उस समय आजादी के बाद महिलाओं को मतदान का अधिकार भारत देश में शुरू हो चुका था। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण देने का कार्य किया था। समय के साथ पूरे देश भर में महिलाएं राजनीति में शिक्षक के क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र में या सेवा के क्षेत्र में हो तमाम क्षेत्रों में अब आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इसी स्थान पर अनुमंडल स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में आज महिला दिवस मनाई जा रही है। उन्होंने मंच से ही कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वे चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र को एक वर्ष के लिए गोद ले लें। जिससे इस क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, एसडीएम पूर्णिमा कुमारी, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार, अल्बर्ट तिग्गा, प्रमोद खलखो, अनूप संजय टोप्पो, मुखिया शोभा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दिनेश गोप के बाद दुर्गा सिंह चला रहा था संगठन : गुमला एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला पुलिस ने पीएलएफआई संगठन के तीन उग्रवादियों को हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार उग्रवादियों में पीएलएफआई के केंद्रीय कमेटी सदस्य रांची जिला के लापुंग थाना क्षेत्र के दुर्गा सिंह, एरिया कमांडर खुंटी जिला के बकसपुर निवासी कलेश्वर हजाम व सदस्य रांची के हेंदेबिली निवासी रामकुमार सिंह के नाम शामिल है। गुरूवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कामडारा थाना क्षेत्र में किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने हेतु संगठन के उग्रवादी घूम रहे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ बसिया के नेतृत्व में गठित टीम ने छापामारी के क्रम में कामडारा थाना क्षेत्र के मुरूकेला तेतरटोली के पास रात्रि 10:30 बजे दो बाईक में सवार होकर संदिग्ध व्यक्ति को आते देखा गया।

तीन को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा। जिसमें एक दुर्गा सिंह है जो वर्तमान में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के जेल जाने के बाद पूरे संगठन का नेतृत्व कर रहा था। दुर्गा सिंह के विरूद्ध गुमला सहित अन्य जिलों में 18 मामले दर्ज हैं। छापामारी अभियान में एसडीपीओ बसिया नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी कामडारा शशि प्रकाश, पुअनि महेश साव, धनवीर सिंह मनहास व बल के जवान शामिल थे।

#### 19 लाख के ईनामी नक्सलियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

एसपी शंभू कुमार सिंह ने कहा कि गुमला पुलिस जिले में उग्रवाद व अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। विगत एक वर्ष में पुलिस एवं नक्सलियों के बीच दो बार मुठभेड़ हो चुकी है। गुमला पुलिस ने 19 लाख के ईनामी माओवादी को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 19 हथियार व 43 आईडी बम के साथ भारी मात्रा मूं गोलियां बरामद की गई। 8 जून 2024 को 10 लाख के ईनाम नक्सली जोनल कमांडर रवि गंझु को गिरफ्तार किया। 2 अक्टूबर को 5 लाख के ईनामी नक्सली रंथु उरांव को, 16 सितंबर को 1 लाख के ईनामी नक्सली पाचा उरांव को, 1 अक्टूबर को एमसीसी के लक्ष्मण किसान उर्फ लक्ष्मण नगेशिया, 15 सितंबर को कुख्यात उग्रवादी परमेश्वर गोप, 11 अप्रैल को टीपीसी के 4 सदस्य व 4 अप्रैल को दो लाख के ईनामी विमलेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का की अपील



सेन्हा-लोहरदगा। रंगों का त्यौहार होली शांति व सौहार्द से मनाने को लेकर प्रखंड व पुलिस प्रशासन द्वारा सेन्हा और सेरेंगहातु में फ्लैग मार्च निकाला गया। वही पहले फ्लैग मार्च सेन्हा थाना के समीप से मुख्य पथ होते हुए अमन चौक, जगरनाथ मंदिर चौक, गौसिया मस्जिद चौक, सेन्हा डीपू तक गया तथा सारेंगहातू में भी फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शांति व सौहार्द से मिल जुल कर होली और अन्य पर्व त्यौहार मनाने के लिये आम जनों से अपील किया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा अफवाह फैलाने वाले उपद्रवियों से निपटने के लिए शक्ति प्रदर्शन भी दिखाया गया। बीडीओ संग्राम मुर्मु और सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि शांति के साथ एकता देश की पहचान है। असमाजिक तत्वों और उपद्रवियों को पहचान करते हुए होली से पहले पुलिस और प्रखंड प्रशासन को सूचना दें। वही सभी लोगों को रंगों का त्यौहार होली का शुभकामना दिया गया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मु, सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी, थाना प्रभारी वारिश हुसैन के अलावे एस आई अविनाश राम, ए एस आई अल्बिना लकड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

### गुमला : जारी पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ दो लोग को किया गिरफ्तार

जारी। जारी थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर पंचायत के रूद्रपुर गांव में प्रतिबंधित मांस के साथ दो व्यक्तियों जेम्स तिर्की व सतीश कुजूर को ग्रामीणों ने पकड़ा कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जेम्स तिर्की राशन लेने के लिए रुद्रपुर डीलर के पास अपने अंगूठे का निशान लगाने गया था। इस दौरान ग्रामीणों की नजर उसकी मोटरसाइकिल पर बंधे प्रतिबंधित मांस पर पड़ी। जिससे उनमें संदेह उत्पन्न हुआ। जब ग्रामीणों ने जेम्स से पूछताछ की तो उसने झोले में पुटकल साग होने की बात कही। लेकिन जब ग्रामीणों ने सख्ती से सवाल किया तो जेम्स ने सच स्वीकार करते हुए बताया कि वह प्रतिबंधित मांस ले जा रहा है। इस सूचना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित मांस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच के बाद आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## गुमला डीसी और एसपी को डीएवी स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने भेजा ग्रीटिंग्स कार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने एसपी शंभु कुमार सिंह एवं एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव को होली ग्रीटिंग कार्ड्स भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने इस एक्टिविटी के लिए सभी को बधाई दी है। एसपी शंभु कुमार सिंह ने जूनियर डिवीजन तथा जूनियर विंग कैडेट्स के द्वारा बनाए गये कार्डस की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां न सिर्फ बच्चों की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं, बल्कि उनके अंदर देश भक्ति के जज्बे को भी दशार्ती है। इस एक एक्टिविटी से पता चलता है कि आप राष्ट्र के प्रति कितने ज्यादा चिंतनशील हैं। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि जब हम समाज के प्रति संवेदनशील होते हैं तो शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफि सर अभिजीत झा ने बताया कि पिछले छः वर्षों में हमारे द्वारा सेना के विभिन्न यूनिट्स, सीआरपीएफ, पुलिस, इसरो को लगभग दस हजार ग्रीटिंग कार्ड्स, मास्क, नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत कलाकृति युक्त थैले आदि भेजे गए हैं और हमें सेना के तीनों अंगों के सैन्य प्रमुखों आदि के द्वारा प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं। इस कार्य में पार्थ प्रतिम मैती, संजुक्ता खटुआ समेत कई शिक्षकों का भी सहयोग प्राप्त होता रहा है।

## लोहरदगा : सरहुल 1 अप्रैल को कमिटी का किया गया विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

कुडू। प्रखंड में केन्द्रीय सरहुल समिति को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो गई हैं। राजी पढ़हा सरना प्रार्थना सभा सह पढ़हा भवन में इनकी तैयारी बेहतर रुप से करने को लेकर कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें राजी पढ़हा सरना प्रार्थना सभा नवनिर्वाचित अध्यक्ष शनि उरांव, सचिव जतरु उरांव, कोषाध्यक्ष बन्ना उरांव साथ ही केंद्रीय सरहुल संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष अवधेश उरांव, सचिव सुनील उरांव, कोषाध्यक्ष सुबोध उरांव को सर्वसहमति से बनाया गया। इस बार कमिटी को तीन वर्गों में शामिल किया गया है।

युवा वर्ग, युवती वर्ग एवं बुद्धिजीवी वर्ग। कमिटी के मजबूती देने के लिए गणमान्य व्यक्ति को अपना अपना पदभार दिया गया है। मौके पर रूपनारायण उरांव, सुधीर, कार्तिक, आशीष, मंगलदेव, संतोष, सबीना, अनिला, निशु, प्यारी समेत अन्य सरना समाज के लोग उपस्थित थे।

## भाईचारगी बनाये रखना होली का मुख्य उद्देश्यः धीरज प्रसाद साहू

### सूंड़ी समाज का होली मिलन सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। सूंड़ी समाज का होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम उमंग भरे माहौल में कुटमु अवस्थित गीतांजली पैलेस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा विशिष्ट अतिथि सूंड़ी समाज, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता, सूंड़ी समाज, लोहरदगा जिलाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, साथ समाज के गोबर्धन साहू, उदय कुमार गुप्ता, संदीप गुप्ता द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर तथा भगवान राधा कृष्ण की फोटो में पुष्प अर्पित कर किया गया। मंच संचालन रितेश कुमार तथा प्रदीप कुमार हिन्द द्वारा किया गया। धीरज साहू ने कहा कि आपसी मतभेदों को भुलाकर भाईचारगी को कायम करना होली त्योहार का मुख्य उद्देश्य होता है। होली मिलन समारोह के माध्यम से समाज को लोग आपस मिलते हैं जिससे भाईचारगी बढ़ती है तथा समाज के ताकतवर होने का संदेश भी देती है। उन्होंने लोहरदगा जिला के सम्बंध में कहा कि हमारा जिला नक्शे के मुताबिक छोटा जरूर है परन्तु ताकत में किसी भी जिला से कमजोर नहीं है और वर्तमान में जिला की विकास का रफ्तार द्रुतगति पकड़ चुकी है। शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाज तब ही तरक्की की ओर रुख करती है जब आप अपने लिये जितना सोंचते हैं उससे ज्यादा समाज के लिये सोचना शुरू करते है अर्थात अपने लिये कुछ और समाज के लिये सबकुछ। उन्होंने कहा कि आज के समय मे अपनी शक्तियों को पहचानना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा आप कहीं भी तकलीफ में आ सकते हैं। अतः सामाजिक एकता को कायम करते हुए एकजुटता के साथ काम करे व समाज के लोगों को एक ताकतवर समाज दें। कार्यक्रम को संपन्न करवाने में सूंड़ी समाज के कार्यक्रम संयोजक रितेश कुमार, सचिव मुकेश साहू, कोशाध्यक्ष पंकज साहू, बिनय साहू, गोबर्धन साहू, उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता, रामलखन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, प्रदीप साहू, रोबिन साहू, दुखहरन साहू, प्रेमचंद साहू, कमलेश, बिनोद प्रसाद, चन्द्रभूषण साहू, अयोध्या साहू, प्रकाश साहू, गुप्तेश्वर गुप्ता, गुड्डुस प्रसाद, प्रदीप कुमार हिन्द, राजू साहू, कुडू प्रखंड से गंगा प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, टिंकू साहू, ज्योति प्रसाद, बहादुर प्रसाद, भुवनेश्वर साहू का भी योगदान रहा।

### वृद्ध महिला-पुरूष के बीच व्हील चेयर व अन्य सामग्री का वितरण

सिसई। सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत में कल्याण समिति रांची के द्वारा वृद्ध महिला पुरुषों के बीच व्हील चेयर के साथ विभिन्न सामग्री का वितरण किया गया। जिन व्यक्तियों को शिविर में सामग्री उपलब्ध नहीं हो पायी और लाभ से वंचित हैं। उन्हे फिर से शिविर लगा कर जांच के बाद सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सभी पंचायत में वार्ड सदस्य, मुखिया, ग्राम प्रधान व समाजिक कार्यकर्ता को सूचित कर लोगों से संपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर कल्याण पदाधिकारियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता सुकरु उरांव, अमर टोप्पो, जल सहिया अनिता उरांव भगत, शिवनाथपुर मुखिया फलोरेंस देवी सहित कई लोगा उपस्थित थी।

## घाघरा : आग लगने से 16 एकड़ में लगा आम का बाग और राहड की खेती जलकर राख

#### मनरेगा से किया गया था आम बागवानी, बीडीओ व थाना प्रभारी पहुंचे घटनास्थल



खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड के रुकी पंचायत मुख्यालय एवं जलका में आग लगने से 16 एकड़ से अधिक भूमि में किये गये मिश्रित खेती में मनरेगा से लगे आम के पौधे सहित राहड की खेती जलकर बर्बाद हो गये। राहड़ की खेती में फल भी लग गए थे जो नष्ट हो गये। एक किलोमीटर से अधिक के रेडियस में आगजनी की घटना में फसल बर्बाद हुआ है। बता दें कि लाभुक किसानों को मनरेगा से आम बागवानी में ट्रेंच की खुदाई, मजदूरी, घेराबन्दी सहित अन्य मदों में पांच वर्ष तक बागवानी के देख रेख में तीन लाख पचास हजार सरकार खर्च करती है। मौके पर पहुंच पत्रकारों ने घटना की सूचना दूरभाष पर गुमला के डीसी कर्ण सत्यार्थी को दी और दमकल की गाड़ी घटना स्थल पहुंची। हालांकि तब तक लाभुकों के द्वारा पानी एवं राहड़ की झाड़ से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था। मौके पर घाघरा बीडीओ एवं थाने से एस आई राहुल पासवान भी पहुँचे। बीडीओ ने लाभुकों से जले हुए पौधों के साथ फोटो खिंचाकर, आधार, पासबुक तथा जमीन के कागजात के साथ अंचल कार्यालय में सभी दस्तावेज जमा करने की बात कही ताकि प्रावधान के अनुरूप मुआवजा मिल सके। हालांकि आम बागवानी के लाभुकों ने बीडीओ दिनेश कुमार से मांग किया कि बर्बाद हुए आम बागवानी योजना को क्लोज करते हुए नए से योजना का लाभ दिया जाय। ताकि वे नए सिरे से आम बागवानी का लाभ ले सके। आशंका व्यक्त की जा रही है कि आग महुआ चुनने वाले लोगों के द्वारा ही फैली। जिन लाभुकों की खेती जलकर बर्बाद हुआ उसमें जम्बू उरांव, रामलाल यादव, दीपक साहू, शंकर साहु, ललिता देवी, अरुण साहू, शुखम मुंडा, दुखन मुंडा, जयपति देवी हरिश्चन्द्र मुंडा, सुरेंद्र उरांव, बीरेंद्र उरांव, बासु उरांव, सरहुलिया के एक एक एकड़ भूमि शामिल है।

# होली पर लेकर बाजार रहा गुलजार, जमकर बिके अबीर गुलाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण इलाकों तक होली को लेकर रौनक देखी जा रही है, बच्चे हो या बूढ़े या फिर हो युवा वर्ग सभी अपने-अपने जरूरत के मुताबिक होली की तैयारी में जुटे हुए है। होली को लेकर गुरुवार को चंदवा में बाजार गुलजार नजर आया। सुबह से ही बाजार में चहल-पहल देखी गई, जैसे-जैसे दिनभर चढ़ता गया बाजार में लोगों की भीड़ भी बढ़ती गई। रंग-गुलाल व पटाखों की दुकानों के साथ-साथ कपड़ा दुकान, खाद्य सामग्री की दुकान में भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली जहां लोगों ने अपने जरूरत के हिसाब से रंग गुलाल पटाखे व खाद्य सामग्री की खरीददारी किये। विद्वान पंडितों ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि 11:37 बजे से मध्यरात्रि बाद 12:37 बजे तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त था, शुक्रवार को पूर्णिमा है इस कारण होली शनिवार को मनाई जाएगी। इधर होली के दौरान विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर लातेहार एसपी अंजनी कुमार गौरव के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद देखी गई व पुलिस की टीम लगातार बाजार में गश्त कर विधि व्यवस्था को नियंत्रित करते देखी गयी।

## होली को लेकर चंदवा में प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

■ शांति व्यवस्था कायम रखने में लोगो से की सहयोगी की अपील

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में प्रशासनिक टीम ने चंदवा प्रखंड में होली का त्योहार शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शहर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च की शुरूआत चंदवा थाना परिसर से हुई जो गैरेज लेन, कंचन नगरी, तिलैयाटांड़, बाईपास रोड, सुभाष चौक, मुख्य बाजार, इंदिरा गांधी चौक होते थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हो गई। इस दौरान इंदिरा गांधी चौक पर सघन वाहन



जांच अभियान एवं वाहन चालकों का ब्रेथ अल्कोहल टेस्ट भी किया गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद व पुनि सह थानाप्रभारी रणधीर कुमार कर रहे थे, मार्च के दौरान विभिन्न चौक चौराहा पर अधिकारियों ने आम जनों से क्षेत्र के में सौहार्द पूर्ण वातावरण कायम रखने व आपसी भाईचारगी के बीच होली का त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने कहा कि हुडदंगियों एवं बाइकर्स के रफ्तार पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, जो लोग भी ऐसा करते पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मार्च में चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान, अतिरिक्त सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

## सरयू बाजार में अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी ने किया फ्लैग मार्च

**सरयू।** लातेहार जिले के सरयू बाजार, मे गुरूवार को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा एवं थाना प्रभारी पारस मणि के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया। इस



दौरान स्थानीय नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया। अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, थाना प्रभारी पारस मणि ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है। पुलिस प्रशासन ने जनता को आश्वस्त किया कि वे निर्भीक होकर अपने दैनिक कार्य कर सकते हैं।

## शिक्षकों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के माध्यमिक शिक्षकों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम लातेहार बायपास रोड स्थित होटल हिल्स में हुआ। शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही जिले के सभी लोगों को भी होली की बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि होली हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इसे सभ्य तरीके से मनाना चाहिए। यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। सभी को गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से मिलकर रहना चाहिए। इस आयोजन में विकास कुमार शर्मा, प्रेमचंद यादव, पिंटू कुमार, आशीष कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार, अभय कुमार पांडेय, सतेंद्र मेहरा, धीरज कुमार, विनय कुमार और अमित कुमार पांडेय का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि ऐसे मिलन समारोह होते रहने चाहिए। इससे समाज में आपसी एकता मजबूत होती है।

## होली को लेकर पुलिस प्रशासन ने अवैध पटाखा बिक्री के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** होली को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने अवैध पटाखा बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में कई दुकानों पर कार्रवाई हुई। डीही मुरूप समेत कई गांवों में छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में पटाखे जब्त किए गए। जिला मुख्यालय में थाना चौक से लेकर मेन रोड और पानी टंकी मोड़ तक अवैध पटाखा बेचने वालों की जांच हुई। अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। शहर की कई दुकानों से अवैध पटाखे बरामद हुए। उन्होंने कहा कि होली रंगों का पर्व है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। गढ़वा जिले में अवैध



छापेमारी अभियान चलाते एसडीओ व अन्य।

पटाखों के कारण बड़ी घटना हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंसधारी दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। उन्होने कहा कि जिन्हें भी पटाखें बेचने हैं, वे सक्षम पदाधिकारी से लाइसेंस ले लें, उसी के बाद शहर मे पटाखें बेंचे। उन्होने बताया कि इस छापामारी में विभिन्न प्रतिष्ठानों से तकरीबन एक ट्रक पटाखे जब्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली छापेमारी है, इसलिए फिलहाल पटाखे जब्त किए जा रहे हैं। आगे अवैध रूप से पटाखा बेचने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील कि होली को रंगों के साथ सुरक्षित तरीके से मनाएं। छापेमारी अभियान में एसडीपीओ अरविंद कुमार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे।

## राजद ने होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला अध्यक्ष व अन्य।

**लातेहार।** शहर के द ब्लीस होटल में गुरुवार को राजद ने होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष राम प्रवेश यादव, युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव, मोहर सिंह यादव, भोला सिंह, देवांश यादव और उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने दीप प्रज्वलित कर की। भोजपुरी कलाकार अखिलेश तिवारी ने होली के गीतों से समां बांधा। उनकी प्रस्तुति पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। राजद कार्यकताओं ने एकजुटता का संदेश दिया और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नेताओं ने संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता और विकास के मुद्दों पर विचार रखे। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण दास, बलराम यादव, महेंद्र यादव, रूपेश कुमार, पवन कुमार, धनराज यादव, आदित्य यादव, निर्मल कुमार, रामनरेश कुमार, मनोज यादव, संतोष यादव, प्रदीप यादव, सिकंदर कुमार, विष्णु देव कुमार, चिंटू कुमार, चिंगी यादव, लाल बिहारी यादव, सुरेंद्र कुमार मंडल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### होली के मद्देनजर प्रखंड प्रशासन ने अवैध शराब बिक्री पर कसा शिकंजा

## अवैध शराब बिक्री करने वालों पर होगी कड़ी कारवाई : मनोज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** होली के मद्देनजर प्रखण्ड प्रशासन ने बरवाडीह बाजार में अवैध शराब बिक्री, नशे में वाहन चलाने और पटाखों की अवैध बिक्री पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अंचल अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बिना लाइसेंस के बिक रही शराब की जांच की गई और नशे की हालत में गाड़ी चला रहे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अल्कोहल टेस्टिंग अभियान के



जांच करते अंचल अधिकारी मनोज कुमार।

तहत बाजार स्थित बस स्टैंड मार्ग पर सभी आने-जाने वाले वाहन चालकों को रोककर अल्कोहल टेस्टिंग मशीन से उनकी जांच की गई। इस दौरान बरवाडीह थाना के एएसआई समेत पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान अवैध शराब बिक्री और नशे में वाहन चलाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, प्रशासन ने होली में बिकने वाले पटाखों पर भी सख्त रुख अपनाया है।

अधिकारियों ने बाजार में पटाखा बेच रहे दुकानदारों को जल्द हटाने का निर्देश दिया और बिना लाइसेंस पटाखे बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।अधिकारियों ने लोगों से होली के दौरान कानून का पालन करने और किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि से दूर रहने की अपील की, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके।

## झामुमो पंचायत कमिटी का हुआ गठन



**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के आदेश के आलोक में जिला संगठन संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशन में प्रखंड के बारी पंचायत में झामुमो पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो. नौशाद अंसारी व पूर्व मुखिया रोबेन उरांव की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष इसराफिल अंसारी, सचिव पवन यादव, कोषाध्यक्ष आनंद यादव, उपाध्यक्ष राजू उरांव और राजेंद्र उरांव को बनाया गया है। इसके अलावे बैठक में महिलाओं की कमेटी भी गठित की गई। जिसमें पंचायत अध्यक्ष गुड्डी देवी, सचिव सीता देवी, कोषाध्यक्ष सुशांति देवी, उपाध्यक्ष रूमी देवी को बनाया गया। नवगठित कमिटी के पदधारियों को शपथ विधि लाई गई एवं संगठन के नीति व सिद्धांतों को भी बतलाया गया। मौके पर नंदलाल उरांव, इरफान अंसारी, इम्तियाज अंसारी, जैनुल अंसारी, राजू उरांव, मीना देवी, रूकमणि देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्मार्ट शॉपी नामक दुकान का हुआ उद्घाटन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित वन विभाग कार्यालय के समीप स्मार्ट शॉपि नामक दुकान का उद्घाटन पूर्व विधायक बालजीत राम एवं दुकान संचालक की मां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पंडित दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। मौके पर पूर्व विधायक बलजीत राम ने कहा कि बालूमाथ में अब कपड़ों की खरीदारी के लिए ग्राहकों को अच्छी सुविधा मिलने वाली है क्योंकि पहले यहां के लोग अच्छे ब्रांड का कपड़ा खरीदने के लिए रांची जैसे शहरों का सहारा लेते थे लेकिन बालूमाथ में भी यह सब ब्रांड बिकने लगा है। मौके पर दुकान के मालिक रजनीकांत गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के रेडीमेड कपड़े,बच्चे,महिला-पुरुष सभी के लिए अच्छी क्वालिटी और उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है की एक बार वह दुकान में अवश्य पधारे। इस मौके पर आनंदी गुप्ता, अमित कुमार शिवकांत गुप्ता,समाजसेवी मो. मुजम्मिल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## होली से पहले गारू पुलिस की बड़ी करवाई 45 किलो महुआ का जावा किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** होली को लेकर गारू थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ शख्स कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी पारसमणी के नेतृत्व में पुलिस ने कोटाम सहित विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर 45 किलो महुआ जावा जब्त किया और मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोटाम और आसपास के इलाके में अवैध रूप से महुआ जावा इकट्ठा किया गया है और इसे बेचने की योजना थी। इस पर गारू थाना प्रभारी पारसमणी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई, जिन्हें त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की और अवैध रूप से संग्रहित महुआ जावा को जब्त कर नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी पारसमणी ने कहा कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि होली को देखते हुए गश्त और छापेमारी तेज कर दी गई है ताकि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारियों को पूरी तरह से रोका जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया है स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस



कदम की सराहना की और कहा कि इससे होली का त्योहार शांतिपूर्वक और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सकेगा? पुलिस ने आम जनों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो ,तो तुरंत सूचना दे। ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए निकाला फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम व थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने कई चौक चौराहो पर फलैग मार्च निकाला। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नन्द कुमार ने कहा की होली व रोजा रमजान त्यौहार का शांति व्यवस्था के साथ मनाने को लेकर बरछिया, बारियातू, फूलसु मोड़, होते हुए प्रखंड के चौक चौराहे सहित सभी नौ पंचायत मे फलैग मार्च निकाला गया। वहीं सीओ के साथ थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने सदलबल के साथ पैदल मार्च किया उसके पश्चात सीओ और थानेदार ने टोटी, फूलसु, साल्वे, डाढ़ा, बालूभांग, सिबला, गोनिया बारियातू अमरवाडीह, सभी नौ पंचायतो मे



बाईक से भी भ्रमण कर मार्च किया। होली और रमजान त्यौहार को देखते पुलिस सुरक्षा के दृष्टिकोण से चपा-चपा नजर रख रही है। आपको बताते चलें की होली त्यौहार मे सहोदर्य वातावरण बनाए रखने के लिए प्रशासन चारो ओर निगाहें लगायी हुए है। वहीं लोगों से अपील करते हुए कहा की किसी प्रकार के उपद्रवी माहौल खराब करें तो प्रशासन को तुरंत सूचित करे तत्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भैसादोंन ग्राम में एक महिला ने पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के मिली जानकारी के अनुसार बिंदुआ देवी 45 वर्ष पति पति हितेश्वर यादव ग्राम भैसादोन थाना बालूमाथ निवासी का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके बाद गुस्से में आकर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

## नगर पंचायत की टीम ने मिठाई दुकानों की जांच की



**लातेहार।** होली को लेकर डीसी उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर नगर पंचायत की टीम ने मिठाई दुकानों की जांच की। कई दुकानों से मिठाई के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए रांची लैब भेजा जाएगा। शहर के माही स्वीट्स, पवन होटल, उपहार स्वीट्स, दीपक स्वीट्स, पलामू स्वीट्स समेत कई दुकानों की जांच हुई। मौके पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर अजीत कुमार, सेनेटरी सुपरवाइजर अशफाक अंसारी, रंधीर कपूर समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बरवाडीह।** बरकाकाना बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत गुरुवार को हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के समीप एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चुंगरू पंचायत के चहल निवासी सुरेंद्र सिंह (20 वर्ष), पिता दसई सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र सिंह लातेहार मेला देखकर वापस हेहेगड़ा लौट रहा था। इसी दौरान ट्रेन से उतरते समय उसका पैर फिसल गया, जिससे वह हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन ने बताया कि मध्य रात्रि लगभग 1 बजे इस घटना की जानकारी प्राप्त हुई। तुरंत जीआरपीएफ व स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर नवादा ग्राम के पास एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनोज यादव 45 वर्ष पिता सरजू यादव ग्राम हेरहंज निवासी लातेहार से अपने घर हेरहंज जा रहा था। इस दौरान नवादा ग्राम के पास तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को हेरहंज पुलिस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया।

## शेरेगड़ा में टोलियों की विदाई के साथ गायत्री यज्ञ संपन्न


खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शेरेगड़ा (बालूमाथ) द्वारा आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के चौथे और अंतिम दिन सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ कराया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने आहूति दी। देव पूजन किया। गुरुदेव की चरणों की वंदना की। हरिद्वार से आये वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र गणेश चन्द्रवंशी ने यज्ञोपवित संस्कार, पुशंवन, नामकरण व विद्या आरंभ संस्कार कराया। श्री चंद्रवंशी के आचार्यत्व में 50 भक्तों ने गायत्री



मंत्र की दीक्षा ली। गायत्री परिवार से जुड़े भक्तों ने अच्छे कर्म करने व बुराई से बचने का संकल्प लिया। साथ ही अपने मुहल्ले एवं आस पास के वातावरण को साफ सुथरा रखने और दूसरों को भी ऐसा करने का आह्वान परिवार के सदस्यों ने किया। टोली को विदाई देने के साथ यज्ञ का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञामंडल बालूमाथ से संतोष कुमार सिन्हा,कृष्णाकांत गुप्ता, ईश्वर लाल, प्रेम कुमार शर्मा, महानंद कुशवाहा, रंजीत यादव, चंद्र मोहन यादव संदीप गुप्ता,देवेंद्र प्रसाद, सुनील राणा, रविंद्र ठाकुर, बलकेश यादव, जितेंद्र प्रसाद, चंदवा गायत्री शक्तिपीठ से जुली देवी, सविता साहु, सरस्वती देवी, सुनिता देवी, अनिता देवी, सारिका देवी, रंजीत कुमार, आलोक चौरसिया, यदु प्रजापति, प्रभात गुप्ता, रतनलाल अग्रवाल,अखिल विश्व गायत्री शाखा लातेहार दिलेश्वर यादव,रुप से मौजूद थे।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**बालूमाथ।** लातेहार उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में छापामारी अभियान चला कर 7:30 लीटर अंग्रेजी शराब को जप्त किया है। पुलिस ने अवैध शराब के कारोबारी अजय साहू ग्राम बालू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उत्पाद इंस्पेक्टर सोनू कुमार साव ने बताया कि बरामद अवैध अंग्रेजी शराब में B-7 एवं F-1 की बोतल बरामद किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि यह अभियान होली के मद्देनजर चलाया जा रहा है । आगे भी और अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी ।अवैध शराब बेचने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, एसआई रंजन कुमार समेत कई लोग इस अभियान में शामिल थे।

## एसकेएमयू की हैंडबॉल टीम ओडिशा के लिए हुई रवाना

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के हैंडबॉल टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कोट विश्वविद्यालय, ओडिशा के लिए रवाना हुई। उक्त टूर्नामेंट 16 से 18 मार्च तक आयोजित होगी। टीम के साथ मिर्जा खान को टीम मैनेजर और कोच अमित आनंद के रूप में भेजा गया है। विवि के वित्त सलाहकार बृज नंद ठाकुर, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार,, खेल निदेशक डॉ सुजीत कुमार सोरेन, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, खेल समिति सदस्य डॉ संतोष कुमार सील, ओएसडी लीगल डॉ राजीव रंजन और डॉ विजय कुमार ने संयुक्त रूप से टीम को शुभकामनाएं देकर विदा किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो विमल प्रसाद सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन और खेल भावना के साथ विश्वविद्यालय का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व विधायक के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गोमिया-गोमिया के पूर्व विधायक डॉ महतो के गोमिया स्थितआवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो एवं जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस समारोह में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं व सम्मानित क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। मौके पर पूव विधायक ने सभी को सामाजिक समरसता और रंगों के महापर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और समरसता का प्रतीक है।

यह हमें आपसी वैमनस्य को भूलकर एकता और मेलजोल का संदेश देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अच्छाई के आगे टिक नहीं सकती। यह पर्व हम सभी के जीवन में आनंद, खुशहाली और समृद्धि लेकर आए, ऐसी कामना है। मिनहाज अंसारी मोहन राम, पसुपति प्रसाद, नरेश प्रजापति, किशोर साव सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जीरो इंटरेस्ट पर बैंक ऑफ इंडिया से लोन लें किसान: जीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** जीरो इंटरेस्ट पर बैंक ऑफ इंडिया से कृषि कार्य हेतु किसान लोन ले सकते हैं। लोन अमाउंट को साल भर में सिर्फ जीरो करना है। सरकार द्वारा ब्याज की राशि अनुदान स्वरूप दी जायेगी। यह कहना है बैंक ऑफ इंडिया के झारखंड क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज कुमार का।

वे कसमार प्रखंड के खैराचातर में बैंक ऑफ इंडिया के स्थानांतरित नये शाखा भवन के उद्घाटन के बाद बगियारी मोड़ मैदान में आयोजित केसीसी शिविर में बतौर मुख्य अतिथि किसानों को संबोधित कर रहे थे।

जीएम श्री कुमार ने कहा कि किसानों को तीन लाख तक शून्य ब्याज दर पर ऋण अनुदान का लाभ मिलेगा। वहीं बिना संपत्ति को बैंक में गिरवी रखे खेती के साथ पशुधन की खरीद के लिए भी 2 लाख तक का केसीसी ऋण दिया जायेगा। कहा कि केसीसी लोन में 7% ब्याज लिया जाता है लेकिन किसान अगर अपने ब्याज सहित मूलधन राशि वर्ष में एक बार जमा कर जीरो करते हैं तो सूद की राशि 3% भारत सरकार तथा 4% झारखंड सरकार जमा करेगी। किसानों को बोकारो आंचलिक प्रबंधक अश्विनी कुमार उप आंचलिक प्रबंधक सुनीत कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर सुरक्षा अधिकारी मनीलाल प्रमुख नियोती कुमारी कसमार शाखा प्रबंधक प्रेम कुमार खैराचातर शाखा प्रबंधक पंकज यादव कमलापुर शाखा प्रबंधक संजीव कुमार कृषि वित्त प्रबंधक दिव्या कुमारी मुखिया हारू रजवार पंसस प्रिया देवी अरविंद बनर्जी कुश कुमार संजीव कुमार बरखा कच्छप धर्मेन्द्र शेखर मुखर्जी बैंक मित्र कसमार जितेंद्र कुमार सफीना खातून संजय कुमार पिंटू अंजू देवी सुखदेव महतो रेणु कुमारी आदि सैकड़ों महिला किसान मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### तेनुघाट उपकारा में प्रशासन की छापामारी

**बेरमो /तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट जेल में गुरुवार 13 मार्च की सुबह बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के संयुक्त नेतृत्व में औचक निरीक्षण और छापामारी की गई। छापेमारी दल में बोकारो थर्मल पुलिस इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा, कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो, कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, तेनुघाट जेल के जेलर नीरज कुमार, विजय सिंह, इश्तियाक अंसारी सहित कई पुलिस अधिकारी, दर्जनों पुलिस बल के साथ कारा के विभिन्न कमरों की तलाशी लिये। छापामारी अभियान के बाद अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि उपायुक्त बोकारो एवं एस पी बोकारो के निर्देशानुसार तेनुघाट जेल में औचक निरीक्षण कर छापामारी की गई। जिसमें किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। बताया गया कि यह रूटीन जांच है। होली, ईद, रामनवमी को देखते हुए इस तरह की छापेमारी रूटीन में शामिल है।

### देवरी मस्जिद में तरावीह की नमाज संपन्न

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के देवरी कला पंचायत के देवरी गांव में स्थित मस्जिद में तरावीह की नमाज मंगलवार को संपन्न हुआ। तरावीह की नमाज हाफिज मोहम्मद शबीर ने पढ़ाई। इस दौरान कई रोजेदारों ने नमाज अदा करने सुनने का पुण्य कमाया। तरावीह संपन्न होने के बाद सामूहिक रूप से लोगों ने देश दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद कमिटी के लोगों ने हाफिज मोहम्मद शबीर को नजराना देकर सम्मानित किया। मौके पर मस्जिद के इमाम मो कलाम अंसारी ने कहा की रमजान के चांद नजर आने के दिन से तरावीह की नमाज शुरू हो जाती है इस विशेष नमाज कि काफी अहमियत है। मौके पर कमिटी के संरक्षक शकील अहमद ने कहा की तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफ़जल है । अंत में मिलाद शरीफ व। दरूद ओ सलाम पढ़ा गया , मौके पर कमिटी के अध्यक्ष जनाब निजाम खान, सचिव जनाब तनवीर आलम, उर्फ बब्लू, वकील अहमद,अफरोज खान, आरजू खान, सैयद अफान मीर, सैयद कामरान मीर, मोहसिन खलीफा, इमरान खान, कामरान मीर, असलम खान, सरफराज खान, मुस्तफा खान, शमशेर खान, मजहरुल इस्लाम, शेख इरफान, शेख मोहसिन, वाजिद खान, साजिद खान, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक आवास पर होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी किम्स के महामंत्री श्रमिक नेता संग्राम सिंह सहित कांग्रेस के तमाम नेता, कार्यकर्ता एवं क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के श्रमिक/कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि आपसी मतभेद भूलकर हम सभी को परस्पर सौहार्द से होली के विविध रंगों के औचित्य को व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करने की जरूरत है। मौके पर बीएसएल के प्रभारी निदेशक बीके तिवारी ने बोकारोवासियों से मिल जुल कर शांतिपूर्वक होली का त्योहार मनाने की अपील की।

### मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने

## कच्चा धागा बांध व परिक्रमा कर किया होलिका दहन



होलिका दहन से पूर्व पूजा-अर्चना करती महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराधानी में होली की धूम मची है। शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर होलिका दहन की व्यवस्था की गई है। विभिन्न मुहल्ले में होलिका दहन के लिए लोग सुखी लकड़ी आदि एकत्रित कर होली से पूर्व होलिका दहन में जुट है। होलिका दहन खासतौर पर मारवाड़ी समुदाय के लोग अलग ही अंदाज में मनाते है। मारवाड़ी चौक पर होलिका दहन की तैयारी पूरी कर ली गई है। लोग अपने-अपने घरों से गोबर के उपले बना एक जगह इकट्ठा करते है। इसके बाद पूरे नेम-निष्ठा से सज-धज कर महिलाएं परिक्रमा आदि कर कच्चा धागा से जमा होलिका का पूजा-अर्चना करते है।

देर शाम होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई का विजय का प्रतिक के रूप में आग जलाते है। गौरतलब हो कि पंचांग देख कर कार्य करने की परंपरा हिंदू धर्म में सनातन काल से चली आ रही है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि और होलिका दहन है। गुरुवार का दिन होने से होलिका दहन का महत्व बढ़ गया है। धार्मिक मान्यता है कि होलिका दहन के दर्शन से शनि-राहु-केतु के दोषों से शांति मिलती है। होली की भस्म का टीका लगाने से नजर दोष, प्रेतबाधा दूर रहती है।

### एके सिंह कॉलेज जपला में होली मिलन समारोह आयोजित

**हुसैनाबाद पलामू।** अवधेश कुमार सिंह महाविद्यालय जपला में सत्र 2024- 28 के छात्र-छात्राओं के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने नव नामांकित छात्रों का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि आप युवा ही देश का भविष्य हैं। नई शिक्षा नीति 2020 में बहु विषयक पाठ्यक्रम लागू किया गया है, जिसके तहत आपको कुछ विषय का विशेष और अन्य का सामान्य ज्ञान होना चाहिए। तभी आप एक जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज, देश और विश्व में अपनी भूमिका का निर्वहन कर पाएंगे। मंच का संचालन खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षकों में एकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर राम सुभग सिंह, आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉक्टर आनंद कुमार, डॉक्टर चंदन कुमार सिंह, प्रोफेसर शशि भूषण सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह तथा अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह , छात्र शशि रंजन, ओम प्रकाश, आरुषि, नैंसी, किरण कुमारी, प्राजक्ता और शिखा शामिल थे। छात्र-छात्राओं ने होली गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### होली की तैयारी में जुटे लोग

## जमकर कर रहे है रंग-गुलाल की खरीदारी



रंग-बिरंगे पिचकारियों से सजी दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराधानी में होली की तैयारी जोरों पर है। शहर में रंग-बिरंगे और तरह-तरह की पिचकारी की दुकानें सजी हुई है। लोग जमकर होली की खरीदारी में दिखे। तरह-तरह के रंग-अबीर, बहुरूपियां के मास्क आदि से दुकानें सजी हुई है। बच्चों को बंदूक, हथौड़ा, एके-47 समेत अन्य पिचकारी खूब भा रहे है। छोटे-बड़े पिचकारी 40 रुपए से लेकर हजार रुपए तक किमतों में मिल रहे है। रंग-गुलाल व पिचकारी खरीदने के लिए दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। वहीं रंग-अबीर छोटे-बड़े पैकेट एवं खुदरा लोग आवश्यकता अनुसार ले रहे है।

## संस्कार भारती बोकारो जिला की ओर से होली मिलन आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा होली मिलन का आयोजन सेक्टर 4 डी स्थित शिव-हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई के महामंत्री स्वरूप शेखर पाण्डेय ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अबीर लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलाकारों ने होली गीत भजन व नृत्य प्रस्तुत कर सबको आनंदित किया। कवि गायक व संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई के साहित्य प्रमुख अरुण पाठक ने होली कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर व बिरज में होली खेलत नंदलाल की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभा मोहनन रजनी पाढ़ी रुपक पांडेय आदि ने भी होली गीतों व भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वरूप शेखर पांडेय ने आयोजन में सहयोग के लिए मंदिर के प्रमुख पंडित के के एन तिवारी सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

इस मौके पर मुख्य रूप से संस्कार भारती झारखंड इकाई के सह चित्रकला प्रमुख सरोज कुमार मिश्रा बोकारो चित्रकला प्रमुख नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने भी रंग-गुलाल लगा उत्साहपूर्वक मनाया होली

**दुमका।** होली के अवसर पर विभिन्न निजी व गैर निजी संस्थानों में छुट्टी से पूर्व होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। शिक्षण संस्थानों में भी होली की छुट्टी से पूर्व होली मिलन समारोह मनाया गया। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों भी होली के रंग में सराबोर दिखे। विकास विद्यालय, राखाबानी में भी स्कूली बच्चों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के संचालक पूजा मिश्रा समेत शिक्षिका एवं स्कूली बच्चों ने एक-दुसरे को रंग-गुलाल लगा और गले मिल होली पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

### पाटन सीओ ने नापी कराकर रास्ता के विवाद को समाप्त कराया

**पाटन पलामू।** प्रखंड के लोइंगा ग्राम में आम गैरमजरुआ रास्ता को अतिक्रमण मुक्त पाटन सीओ ने करवाया विदित हो कि लोइंगा ग्राम के रोजन मियां के द्वारा आम गैरमजरुआ रास्ता को अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया था जिसको लेकर पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अमीन से नापी करवाया एवं 25 फिट पर दागी लगा दिया गया नापी के दौरान पाटन थाना प्रभारी लालजी किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद थे । कुछ दिनों से आम गैरमजरुआ रास्ता को अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के द्वारा लगातार पाटन सीओ के पास आवेदन दिया गया था । वहीं पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर 25 फरवरी 2025 को जेसीबी से अतिक्रमण को हटाया था लेकिन पुनः आम गैरमजरुआ रास्ता को अतिक्रमण किया जा रहा था जिसको लेकर दो पक्षों ने पाटन सीओ को आवेदन दिया था । जिसके आलोक में पाटन सीओ ने नापी कराकर रास्ता के विवाद को समाप्त करा दिया। इस मौके पर लोइंगा पंचायत के मुखिया रंजीत यादव उर्फ गुड्डु यादव पुर्व पंचायत समिति सदस्य मकबूल अंसारी भोला यादव ननदेव भुइयां मंजीत देवकरण शीवपुजन रामचंद्र भुइयां मुस्लिम मियां अर्जुन राम नवल राम अहमद मियां सहित ग्रामीण उपस्थित थे। इधर जानकारी के अनुसार प्रशासन की पहल से 15फीट रास्ता निकाला गया है.हालांकि मुस्लिमसमुदाय के तरफ से वह मान्य नहीं है लेकिन सीओ श्री श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि होली बाद दुगामंडप के पास का रास्ता को रोका गया है। उसका भी निपटारा किया जायेगा।

### बच्चों ने पूल लंच में की मस्ती

## शेयरिंग-केयरिंग और एकजुटता का सीखा पाठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के नन्हे छात्र-छात्राओं ने आयोजित पूल लंच में विद्यार्थियों ने खेल-खेल में शेयरिंग और केयरिंग के साथ-साथ आपसी एकजुटता बनाए रखने का पाठ सीखा। विद्यालय की प्राथमिक इकाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने घरों से लाए भांति-भांति के व्यंजनों का आनंद लिया तथा गीत-संगीत पर जमकर धमाल मचाया।

इस अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं को बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक कलाकृतियों से सजाया। खुशियों के इस पल में विद्यार्थियों के शिक्षक भी शरीक हुए। खास तौर से प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विभिन्न कक्षाओं में बच्चों संग मिलकर केक काटे और उन्हें इस अवसर की बधाई दी। छात्र-छात्राओं ने उन्हें अपने हाथों से तैयार पूल लंच के शुभकामना पत्र भेंट किए। प्राचार्य डॉ गंगवार ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई का तनाव और दबाव न हो तथा उन्हें जीवन में आनंदयुक्त भाव से रहने की प्रेरणा दी जाय इस दिशा में पूल लंच जैसे आयोजन काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां आपसी संबंधों को भी मजबूत बनाती हैं। इस आयोजन ने यह गहरी सीख दी कि एकता में ही वास्तविक सार्थकता है और सामूहिकता में जीवन का पूर्ण आनंद मिलता है।

# किड्ज़ी प्लेग्रुप में होली मिलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 4 एफ में स्थित किड्ज़ी प्लेग्रुप में आयोजित होली मिलन में राधा कृष्ण की होली थीम पर आधारित इस होली मिलन कार्यक्रम में बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। राधा कृष्ण के रूप में सभी बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सबकी तालियां बटोरी और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और जमकर मस्ती की। संस्थापिका श्रीमती मधुलिका ने बच्चों और उनके अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### होली पर्व आपसी उमंग और समरसता का है प्रतीक : पीडीजे

**मेदिनीनगर।** होली आपसी समरसता का प्रतीक है। होली में सभी लोग गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हैं। साथ गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। यह आपसी भाईचारे व उमंग का त्योहार हैं। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर अधिवक्ता गण मिलन समारोह में शामिल सभी न्यायिक पदाधिकारी को अबीर गुलाल लगा होली की अग्रिम बधाई दी। इस मौके पर संघ द्वारा कलाकारों के माध्यम से होली गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# चांदो प्रखंड निर्माण समिति नें बेरमो विधायक को मांग पत्र प्रस्तुत किया

## विधायक नें विधानसभा में मामले को उठाने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** चांदो प्रखंड निर्माण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जनक प्रसाद भगत ,वरीय संगठन मंत्री राजेन्द्र नायक, रियाज अहमद, मनोज नायक आदि नेताओं नें गुरुवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल से उनके आवास में मिलकर एक मांग पत्र प्रस्तुत किया और मांग किया कि बारह पंचायतों को मिलाकर चांदो प्रखंड के सृजन की आवाज विधानसभा में उठाया जाय. विधायक कुमार जयमंगल सिंह नें प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि इस सवाल को विधानसभा में उठाकर चांदो को प्रखंड का दर्जा दिलाया जाएगा. राजेंद्र नायक और जनक प्रसाद भगत नें कहा कि बारह पंचायतों को मिलाकर चांदो प्रखंड के सृजन की मांग वर्षों से की जा रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नें अपने पिछले कार्यकाल में 17 मार्च 2021 को विधानसभा पटल पर नए प्रखंडों के सृजन की बातें कही थी. तब राज्य भर में नए प्रखंडों के सृजन करने की माँग करनेवाली जनता में एक नई उम्मीद जगी थी. लेकिन पिछले कार्यकाल में हेमंत सरकार द्वारा नए प्रखंडों का सृजन नहीं किये जाने से जनता मायुस हुई है. कहा कि इसबार भी मुख्यमंत्री नें नए प्रखंडों के निर्माण की बात कहते हुए सभी विधायकों से भौगोलिक दृष्टि से नए प्रखंड की अहर्ता रहनेवाले प्रस्तावित प्रखंडों का रिपोर्ट मांगा है इसी के मद्देनजर बेरमो विधायक को मांगपत्र सौंपा गया है. नेताओं नें कहा कि जनता को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अभी भी उम्मीदें है कि सरकार इसबार जनता के इस सवाल को गंभीरता से लेगी और मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में नए प्रखंडों के सृजन की घोषणा को मूर्तरूप दिया जाएगा. कहा कि बोकारो जिलांतर्गत पेटरवार प्रखंड के दस पंचायत और जरीडीह प्रखंड के बारू पंचायत तथा कसमार प्रखंड के सनपुरा पंचायत कुल बारह पंचायतों को मिलाकर चांदो को नए प्रखंड का दर्जा देने के सवाल पर समिति के नेतृत्व में दो दशक से आंदोलन चलाया जा रहा है. नेताओं नें कहा कि नए प्रखंड के सृजन हो जाने से ग्रामीण जनता की कठिनाइयाँ दूर होगी और विकास योजनाओं का सही मॉनीटरिंग हो पाएगा तथा रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### पाटन, पीपराटांड व हुसैनाबाद थाना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मेदिनीनगर/पाटन/हुसैनाबाद।** जिले के एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा उपाय किये जा रहे हैं। इसी क्रम में पाटन थाना, पिपराटांड़ थाना एवं हुसैनाबाद थाना अंतर्गत पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला एवं स्थानीय लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी। पाटन थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में बाइक दस्ता के साथ विभिन्न स्थानों (सुठा, लोइंगा, किशुनपुर, पाटन बाजार) में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही, होलिका दहन स्थलों पर संबंधित पक्षों के लोगों के साथ बैठक कर आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की गयी। इसी प्रकार पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में भी पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया एवं आमजन से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की गई। हुसैनाबाद थाना अंतर्गत पुलिस बल द्वारा भी पैदल फ्लैग मार्च निकाला और पटाखा दुकानों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे होली पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और शांति के साथ मनायें तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।


## बुरा न मानो होली है ... कार्टूनिस्ट की नजर में














# इसरो ने हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि

## अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक किया अनडॉक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक अहम मिशन के तहत दो सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक अलग (अनडॉक) कर लिया। भारत के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता से भविष्य के मिशनों जैसे चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) को मदद मिलेगी। स्पोडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) एक खास मिशन है, जिसमें यह जांचा गया कि दो सैटेलाइट्स अंतरिक्ष में कैसे जुड़ (डाक) सकते हैं और फिर अलग (अनडाक) हो सकते हैं। यह तकनीक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों जैसे कि अंतरिक्ष स्टेशन बनाना, सैटेलाइट्स की



मरम्मत करना और गहरे अंतरिक्ष में मिशन भेजने के लिए बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि इसरो ने ने एसडीएक्स-01 और 02 नाम के दो सैटेलाइट्स को 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया था। इसके बाद, 16 जनवरी 2025 को इन दोनों सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक आपस में जोड़ दिया। इससे भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन गया, जिसने यह तकनीक हासिल की। फिर, 13 मार्च 2025 को इसरो ने इन दोनों सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक अलग कर दिया, जिससे यह साबित हो गया कि भारत जटिल अंतरिक्ष अभियानों को संभाल सकता है। इस सफलता से यह साफ हो गया कि भारत अब बड़े और उन्नत अंतरिक्ष अभियानों के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को बधाई देते हुए कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने मोदी के मजबूत समर्थन को भी भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की इस सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## लोक सभा अध्यक्ष ने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है, ह्लमेरे प्यारे देशवासियों, उल्लास, प्रेम और भाईचारे के पावन पर्व होली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। हमारे देश की संस्कृति हमेशा से सामाजिक सद्भाव, समरसता और भाईचारे को बढ़ाने की रही है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमारी इसी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह त्योहार लोगों के बीच प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। जब हम सब एक साथ मिलकर, बिना किसी भेद भाव के, सामूहिक रूप से एक दूसरे को रंग लगाते हैं तो इससे हम एक दूसरे के प्रति अपनेपन और प्रेम की भावना को फिर से मजबूत बनाते हैं। श्री बिरला ने कहा कि होली ही वह मौका होता है जब हम अपनी पुरानी शिकायतें और कटुता को भूलकर सभी से गले मिलते हैं।







## महाराष्ट्र में हर दिन आठ किसान करते हैं आत्महत्या: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कहा है कि उसकी नीतियों का ही परिणाम है कि महाराष्ट्र में हर रोज आठ किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं।

पार्टी ने कहा महाराष्ट्र में रोजाना आठ किसान आत्महत्या कर रहे हैं। ये बात खुद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री ने विधानसभा में कबूल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी लेकिन आज 'किसानों की आयु' आधी हो गई है।

## मुर्मु ने होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।श्रीमती मुर्मु ने गुरूवार को होली की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा, होली के शुभ अवसर पर, मैं देश-विदेश में रह रहे भारत के सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।उन्होंने कहा, रंगों का यह त्योहार अपने साथ खुशियां और उत्साह लेकर आता है। यह त्योहार हमारे जीवन में सौहार्द और बंधुत्व की भावना को मजबूत करता है। होली के अनेक रंग विविधता में एकता की भावना को दशार्ते हैं। होली का यह पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय का भी प्रतीक है।

## दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आवश्यक तैयारियाँ शुरू: रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विकसित दिल्ली संकल्प पत्र के तहत राजधानी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। श्रीमती रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आज दिल्ली वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा राजधानी में धूल प्रदूषण कम करने के लिए मानसून को छोड़कर अब से पूरे साल स्प्रिंकलर्स और स्मॉग गन्स तैनात रहेंगी। साथ ही बॉर्डर एरिया में वाहनों की जाँच के लिए एनफोर्समेंट टीम को बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए है।







